* वर्ष 40 * अंक 120 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 2 फरवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बजट 2025 : 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री, मोबाईल, टीवी, ईवी होंगे सस्ते, बिहार को स्पेशल ट्रीटमेंट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीतारमण ने शनिवार को 50.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में नौकरीपेशा के लिए 12.75 लाख और बाकी करदाताओं के लिए 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। ऐसा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधा और दिल्ली को भी जहां 4 दिन बाद 5 फरवरी को वोटिंग है। दिल्ली की आबादी 3 करोड़ 38 लाख है। इनमें से 40 लाख लोग टैक्स भरते हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ कुल वोटर हैं। पिछले साल अक्टूबर में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्लीवाले 1.78 लाख करोड़ इनकम टैक्स देते हैं। नए स्लैब से यहां की 67% मिडिल क्लास आबादी प्रभावित होगी। सीतारमण ने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का जिक्र कर राज्य के लिए मखाना बोर्ड बनाने समेत कई घोषणाएं कीं। राज्य में साल के आखिर में चुनाव होने हैं। वे बजट भाषण के लिए राज्य की प्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर पहुंची थीं। बजट में सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का रास्ता खोला। कैंसर और कुछ जरूरी दवाओं के दाम भी कम होने का ऐलान किया।

## वित्त मंत्री ने 77 मिनट स्पीच दी, 5 बार पानी पिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 8वीं बार देश का बजट पेश किया। वे गोल्डन बॉर्डर वाली क्रीम कलर की मधबुनी पेंटिंग की साड़ी पहनकर संसद पहुंचीं। इससे पहले वे राष्ट्रपति भवन गईं, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें दही चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सीतारमण टैबलेट लेकर संसद भवन पहुंचीं। बजट भाषण शुरू होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कुम्भ की अव्यवस्थाओं पर हंगामा शुरू किया। स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें रोका तो सपा सांसदों समेत विपक्ष के कई सदस्य वॉकआउट कर गए। 11.01 मिनट पर सीतारमण ने बजट भाषण शुरू किया। 1 घंटा 17 मिनट के बजट भाषण के दौरान उन्होंने 5 बार 11.24 बजे, 11.27 बजे, 11.44 बजे, 11.56 बजे और 12.16 बजे पानी पिया।

### नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

- नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। अन्य किसी भी जरिए से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख रुपए रहेगी।

### बुजुर्गों के लिए : टैक्स में डबल छूट

- बुजुर्गों को एफडी पर मिलने वाले 50 हजार ब्याज पर टीडीएस नहीं लगाया जाता था। अब इसे बढ़ाकर एक लाख कर दिया गया है। यानी किसी डिपॉजिट से उन्हें अगर एक लाख ब्याज मिल रहा है, तो उन्हें टीडीएस नहीं देना होगा। 10 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों को फायदा होगा।
- नेशनल सेविंग स्कीम खाते से 29 अगस्त 2024 के बाद निकाली गई रकम को टैक्स के दायरे से बाहर कर दिया जाएगा।

### महिलाओं के लिए : 2 करोड़ तक का टर्म लोन

- 5 लाख एससी-एसटी महिलाएं, जो पहली बार आंत्रप्रेन्योर बनी हैं, उन्हें अगले 5 साल में 2 करोड़ तक का टर्म लोन दिया जाएगा।
- आंगनवाड़ी योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा।
- महिलाओं के लिए मिशन शक्ति योजना को 3 हजार 150 करोड़ का बजट दिया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाई, नारी अदालत, महिला हेल्पलाइन, महिला पुलिस वॉलंटियर योजनाओं को इसमें से 629 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- स्वधार गृह, मातृ वंदन, वर्किंग वुमंस हॉस्टल और नेशनल क्रेच जैसी स्कीम्स को 2 हजार 521 करोड़ का बजट दिया गया है। निर्भया फंड के तहत चल रही योजनाओं के लिए 30 करोड़ का बजट है।
- नॉर्थ-ईस्ट में महिला-बाल विकास के लिए 2 हजार 615 करोड़ की योजनाएं, राज्य सरकारों को 22 हजार 195 करोड़ की मदद और केंद्र शासित प्रदेशों में महिला और बाल विकास के प्रोग्राम चलाने के लिए 897 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

### युवाओं और रोजगार के लिए : मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ेंगी

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी। एक साल में 10 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी। पटना आईआईटी के हॉस्टल का विस्तार किया जाएगा।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।



- रोजगार के लिए सरकार ने अलग से कोई घोषणा नहीं की। हालांकि सीतारमण ने कई योजनाओं का ऐलान करते हुए यह जरूर कहा कि इनसे रोजगार का सृजन होगा।

### जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे

- सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया है। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल ईयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे।

### किसानों के लिए: पीएम धन-धान्य योजना, 1.7 करोड़ लोगों को फायदा

कम उत्पादकता वाले 100 जिलों में पीएम धन-धान्य कृषि योजना लागू की जाएगी। इसके तहत प्रोडक्शन बढ़ाया जाएगा। पंचायत लेवल पर स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी। 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा।

- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन होगा। इसके तहत नेफेड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां किसानों से अगले 4 साल तक दाल की खरीद करेंगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन, मार्केटिंग पर फोकस रहेगा। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### शिक्षा के लिए : सभी माध्यमिक विद्यालयों में इंटरनेट

- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा। 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।
- स्किल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के 5 सेंटर बनाए जाएंगे।

### स्वास्थ्य के लिए: 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनेंगे

- सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दी हैं। कैंसर जैसी भयावह बीमारी से जूझ रहे लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए अगले 3 सालों में सभी जिला अस्पतालों में 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनाएगी।

### ऑनलाइन डिलिवरी, कैब चलाने वालों को आईकार्ड, पीएमजेवाय का फायदा

- 1 करोड़ गिग वर्कर्स यानी फूड डिलीवरी करने वाले, कैब चलाने वाले और ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले वर्कर्स को आईकार्ड दिए जाएंगे। इनका ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इन्हें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा भी मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक इन गिग वर्कर्स की संख्या 23 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

### देश को खिलौना हब बनाया जाएगा, अभी 64 आयात चीन से

- देश को खिलौनों के लिए बड़ा केंद्र बनाने के लिए नेशनल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। हम क्लस्टर्स का डेवलपमेंट करेंगे। स्किल और मैन्युफैक्चरिंग के लिए इको सिस्टम बनाया जाएगा। इससे हाईक्वालिटी, अनोखे, इनोवेटिव और लंबा चलने वाले खिलौने बनेंगे।
- इन उत्पादों की वैश्विक मांग में समग्र गिरावट के कारण भारत का खिलौना निर्यात 2021-22 में 177 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023-24 में 152 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
- पिछले एक दशक में भारत खिलौनों के लिए चीन पर निर्भर होता जा रहा है। फिलहाल देश औसतन 76 खिलौना आयात करता है।

### जनजातियों के लिए DAJGUA का बजट चार गुना, 30 राज्यों में असर

- जनजातियों के कल्याण के लिए बजट 14 हजार 925 करोड़ कर दिया गया है। पिछले साल यह 10 हजार 237 करोड़ के करीब था। यानी इस साल इसमें 45 की बढ़ोतरी की गई है।
- एकलव्य बोर्डिंग स्कूलों के लिए 7 हजार करोड़ से ज्यादा बजट दिया गया है। जनजातीय विकास मिशन के लिए 380 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में 335 करोड़ से ज्यादा का बजट है।
- धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) का बजट 500 करोड़ से चार गुना बढ़ाकर 2 हजार करोड़ कर दिया गया है। इससे 63 हजार 843 गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं का इजाफा होगा। 30 राज्यों के 549 जिलों में 5 करोड़ जनजातीय लोगों को इसका फायदा मिलेगा।
- केंद्रीय कर्मचारी नए टैक्स रिजीम से बाहर हो सकते हैं
- सरकार 8वां वेतन आयोग बनाने की घोषणा कर चुकी है। कहा जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग से ज्यादातर केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 12 लाख के पार चली जाएगी, इसलिए वित्तमंत्री ने जो आज 12 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स-फ्री की है, उसका उन्हें फायदा नहीं मिलेगा।
- हालांकि एक्सपर्ट्स इसे अभी खालिस अनुमान मान रहे हैं। केंद्रीय कर्मचारियों के 5 लेवल और कई ग्रेड-पे होते हैं। जैसे- लेवल-1 का ग्रेड पे 18 हजार रुपए से 28 हजार रुपए और लेवल-5 के कर्मचारियों का ग्रेड पे 29,200 रुपए से लेकर 92,200 रुपए तक होता है। एक अनुमान के मुताबिक सभी केंद्रीय कर्मचारियों की औसत सैलरी करीब 7 लाख रुपए सालाना है।
- 7वां वेतन आयोग लागू होने के बाद कर्मचारियों की सैलरी 14 बढ़ी थी। अगर 8वें वेतन आयोग में 30 भी बढ़ती है, तो लाखों कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सटीक नंबर्स का अंदाजा लगाना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

## बिहार के लिए 5 ऐलान, इनका 72 सीटों पर असर



बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना, आईआईटी पटना का विस्तार, 3 एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का ऐलान किया है। बिहार में युवा आबादी करीब 50 है। राज्य में एकमात्र आईआईटी पटना में है। यहां अभी 2883 सीटें हैं, यह बढ़कर 5000 के आसपास हो जाएंगी। बिहार के 10 जिलों में मखाना की खेती होती है। इससे 25 हजार से ज्यादा किसान जुड़े हैं। मखाने को लेकर कोई तय नीति न होने के चलते मुनाफा बंट जाता है। किसानों के बजाय कारोबारियों की जेब में पैसा जाता है। अब बोर्ड के गठन के बाद 100 रुपए के प्रॉफिट में 90 रुपए बिहार को मिलेगा। ऐसा कहा जा रहा है कि मखाना बोर्ड के गठन और पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के ऐलान से मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्रों की 72 सीटों पर असर पड़ सकता है। राज्य में 243 विधानसभा सीटें हैं।

## क्या हुआ सस्ता और क्या महंगा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शनिवार को संसद में पेश 2025-26 के बजट में भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), निवेश और निर्यात पर जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में देश की आकांक्षाओं को गति देने के लिए समर्पित है। वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2025 के बजट में कस्टम ड्यूटी और छूट में अहम बदलावों की घोषणा की है। इन बदलावों से जीवन रक्षक दवाओं, महत्वपूर्ण खनिजों और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) निर्माण के घटकों की कीमतों में गिरावट होगी, जबकि फ्लैट पैनल डिस्प्ले समेत कुछ उत्पाद महंगे हो जाएंगे। कुल मिलाकर बजट में कुछ वस्तुओं पर करों में छूट दी गई है जिससे वे सस्ती होंगी, जबकि कुछ वस्तुओं पर कर बढ़ने से उनकी कीमतों में वृद्धि होगी। विशेष रूप से, जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाने का प्रस्ताव दिया गया है। आइए जानते हैं कि इस बजट में क्या हुआ सस्ता और क्या हुआ महंगा।

### सस्ता

#### जीवन रक्षक दवाएं

कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की 36 जीवन रक्षक दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) से पूरी तरह छूट दी गई है। 37 अतिरिक्त दवाओं पर भी बेसिक कस्टम ड्यूटी से छूट।

#### महत्वपूर्ण खनिज

कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी कचरा, सीसा और जिंक समेत 12 और महत्वपूर्ण खनिजों को बीसीडी से छूट दी गई है। प्लैटिनम फाइंडिंग्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 25 से घटाकर 6.4 की गई।

#### ईवी और मोबाइल बैटरी निर्माण

ईवी बैटरी उत्पादन के लिए 35 नए उत्पाद और मोबाइल फोन बैटरी निर्माण के लिए 28 अतिरिक्त उत्पादों को बीसीडी छूट सूची में जोड़ा गया है।

#### शिपबिल्डिंग

जहाजों और उनके पार्ट्स पर बीसीडी छूट को अगले 10 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है।

#### ईथरनेट स्विच

कैरियर ग्रेड ईथरनेट स्विच पर कस्टम ड्यूटी को 20 से घटाकर 10 किया गया है। यह अब नॉन-कैरियर ग्रेड स्विच के बराबर हो गया है।

#### रासायनिक यौगिक

पाइरीमिडिन और पाइपराजीन युक्त रासायनिक यौगिकों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 से घटाकर 7.5 की गई।

#### ओपन-सेल डिस्प्ले

कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 कर दी गई है।

#### मछली और सी फूड

- फिश पेस्ट पर कस्टम ड्यूटी 30 से घटाकर 5 कर दी गई है।
- फ्रोजन फिश पर अब 5 कस्टम ड्यूटी लगेगी, जो पहले 30 थी।
- फिश हाइड्रोलाइसेट्स पर ड्यूटी 15 से घटाकर 5 कर दी गई है।

#### लेदर

वेट ब्लू लेदर अब पूरी तरह कस्टम ड्यूटी से मुक्त होगा।

#### सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस

फूड व बेवरेज इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 100 से घटाकर 20 की गई।

#### ये उत्पाद भी होंगे सस्ते

- वायर्ड हेडसेट, माइक्रोफोन, रिसीवर, यूएसबी केबल आदि के निर्माण में इस्तेमाल कच्चे माल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी से छूट।
- 1600 सीसी से कम क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 50 से घटाकर 40 की गई।
- 1600 सीसी से अधिक इंजन वाली बाइकों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 50 से घटाकर 30 की गई।
- क्रस्ट लेदर (हाइड्स एंड स्किन्स) पर निर्यात शुल्क 20 से घटाकर शून्य कर दिया गया।
- 40,000 अमेरिकी डॉलर से ज्यादा कीमत वाली आयातित कारें या 3,000 सीसी से ज्यादा इंजन क्षमता वाली आयातित मोटरसाइकिलें।
- सेमी-नॉक्ड डाउन (एसकेडी) या काफी हद तक निर्मित रूप में आयातित 1600 सीसी से ज्यादा इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलें।
- इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों के पुर्जे।

### महंगे

- टीवी और मोबाइल फोनों में इस्तेमाल होने वाले फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर बीसीडी 10 से बढ़ाकर 20 कर दिया गया है। यानी इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 से बढ़ाकर 20 की गई।
- 82 टैरिफ लाइनों पर लगने वाले उपकर की छूट हटा दी गई है।
- विशेष टैरिफ के तहत आने वाले निटेड फैब्रिक्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 /20 से बढ़ाकर 20 या 115 रुपये प्रति किलोग्राम (जो भी अधिक हो) कर दी गई।
- स्मार्ट मीटर।
- सोलर सेल।
- आयातित जूते।
- आयातित मोमबत्तियां।
- आयातित नौकाएं और अन्य जहाज।
- पीवीसी फ्लेक्स फिल्में, पीवीसी फ्लेक्स शीट, पीवीसी फ्लेक्स बैनर।
- कुछ आयातित बुने हुए कपड़े।

### बजट की प्रमुख बातें

इस बजट में सरकार ने निवेश बढ़ाने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता करने से स्वास्थ्य क्षेत्र को राहत मिलेगी, जबकि डिजिटल शिक्षा और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले महंगे होने से डिजिटल शिक्षा प्रभावित हो सकती है। सरकार ने बुनियादी ढांचे, रक्षा और स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए कई योजनाएं पेश की हैं। निर्यात को बढ़ावा देने और स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए कई क्षेत्रों में कर छूट दी गई है।

## ओल्ड टैक्स रिजीम अब हुई पुरानी बात, बजट ऐलान से न्यू टैक्स रिजीम का बढ़ेगा दबदबा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1 फरवरी को पेश हुए बजट से एक बात साफ हो गई है कि आने वाले समय में न्यू टैक्स रिजीम का ही दबदबा रहेगा। ओल्ड टैक्स रिजीम अब पुरानी बात हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो ऐलान किया है उसमें ओल्ड टैक्स रिजीम को लेकर कोई बात ही नहीं की गई है।

### न्यू टैक्स रिजीम के तहत हुआ इनकम टैक्स में संशोधन

मिडिल क्साल को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की एनुअल इनकम को पूरी तरह से ट्रैक्स फ्री किए जाने की घोषणा की गई है। न्यू टैक्स रिजीम में 75000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन का ऐलान किया गया है। यानी कर्मचारियों को अब 12.75 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं देना होगा।

न्यू टैक्स रिजीम के तहत, अब चार लाख रुपये एनुअल इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। चार से आठ लाख रुपये पर पांच प्रतिशत, आठ से 12 लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, 12 लाख से 16 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत, 16 से 20 लाख रुपये पर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपये से 24 लाख रुपये पर 25 प्रतिशत तथा 24 लाख रुपये से ऊपर की एनुअल इनकम पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा। बता दें, इस छूट से 1 लाख रुपये का अतिरिक्त छूट मिलेगी।

### ओल्ड टैक्स रिजीम की चर्चा भी नहीं

केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट स्पीच में ओल्ड टैक्स रिजीम की को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सरकार चाहती है कि ओल्ड टैक्स रिजीम की जगह न्यू टैक्स रिजीम ही लोग अपनाएं। ओल्ड टैक्स रिजीम में 2.5 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इसके ऊपर आपको टैक्स देना पड़ता है। लेकिन इस टैक्स नियमावली के तहत आपको 80सी, 80डी आदि कानून का लाभ मिलता है। यानी आप जो बचत करते हैं उसका लाभ आपको मिलता है।

### नई कर व्यवस्था में स्लैब बदलने से कितना फायदा

| कर योग्य आय | पहले टैक्स | अब टैक्स | फायदा |
|---|---|---|---|
| 12 लाख | 80,000 | 00 | 80,000 |
| 16 लाख | 1,70,000 | 1,20,000 | 50,000 |
| 20 लाख | 2,90,000 | 2,00,000 | 90,000 |
| 24 लाख | 4,10,000 | 3,00,000 | 1,10,000 |
| 50 लाख | 11,90,000 | 10,80,000 | 1,10,000 |

## मुठभेड़, 8 नक्सली मारे गए, बीजापुर में ऑपरेशन जारी, बड़े नक्सलियों को घेरा

### एक महीने में 50 से ज्यादा नक्सली ढेर



**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गए हैं। ये संख्या और बढ़ सकती है। सुबह करीब 8.30 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के जवानों ने माओवादियों के बड़े कैडर्स को घेर रखा है। मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गंगालूर इलाके के जंगल में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। सूचना पर बीजापुर से डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 और सीआरपीएफ 222 बटालियन के जवानों की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पिछले एक महीने में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों की मुठभेड़ में 50 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं।

#### नक्सलियों ने जवानों को देख शुरू की फायरिंग

जवान शनिवार की सुबह उस इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू दी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया। वहीं इस मुठभेड़ में नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं है। आईजी सुंदरराज पी का कहना है कि मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।

#### 10 दिन पहले गरियाबंद में 16 नक्सली मारे गए

20-21 जनवरी को गरियाबंद जिले के जंगल में भी मुठभेड़ हुई थी। करीब 80 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में 16 नक्सली मारे गए। इनमें से 12 नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर चलपति भी है। अकेले चलपति पर ही 90 लाख का इनाम था। वहीं नुआपड़ा-गरियाबंद-धमतरी डिवीजन कमेटी का प्रमुख सत्यम गावड़े भी एनकाउंटर में मारा गया था।





## भाजपा में शामिल हुए आप छोड़ने वाले 8 विधायक

### एक दिन पहले चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले 8 विधायकों ने शनिवार का भाजपा जॉइन कर ली। एक दिन पहले ही इन विधायकों ने चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार को अपने इस्तीफे की वजह बताया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। इसके 4 दिन पहले इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना आप के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। पार्टी को मिलने वाले वोट पर असर पड़ सकता है। आप विधायक ऋतुराज झा ने भाजपा पर इन विधायकों को लालच देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि मुझे भी पार्टी छोड़ने का लालच दिया गया था, लेकिन मैं आखिरी दम तक आप में रहूंगा। आप ने 21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच यानी 30 दिनों में कुल 5 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इसमें 26 विधायकों के टिकट काट दिए गए थे जबकि 4 विधायकों की सीट बदली गई थी। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

## मोदी बोले- ये आम आदमी का बजट है, इससे देश के नागरिकों की जेब भरेगी

### राहुल गांधी बोले- बुलेट इंजरी पर बैंड-ऐड जैसा बजट





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2025 पेश किया। इसमें कई तरह को घोषणाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। पीएम ने कहा, हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है। प्रधानमंत्री ने कहा- यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जंप्शन को बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं। आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है।

वहीं बजट को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा- यह बजट बुलेट इंजरी (गोली के घाव) पर बैंड-ऐड लगाने जैसा है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की जरूरत थी, लेकिन यह सरकार विचारों के मामले में दिवालिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुविवि : चिकित्सा शिविर का आयोजन



उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में स्व. मोहनलाल सुखाड़िया की पुण्यतिथि की स्मृति में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रबंधन अध्ययन संकाय, रेड रिबन क्लब एवं कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष एवं एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत को सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद राणावत ने कहा, ऐसे सामाजिक कार्यो का हिस्सा बनना हमेशा ही गर्व की बात होती है, जो समाज में जागरूकता लाने और राष्ट्र को हर मोर्चे पर प्रगतिशील बनाने में सहायक होते हैं।

संयोजकों में डॉ. राजश्री गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली प्रमुख थीं , डॉ. मीरा माथुर, निदेशक, प्रबंधन अध्ययन संकाय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, डॉ. पी. एस. राजपूत, संयोजक, रेड रिबन क्लब, एमएलएसयू भी थे ।आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक सफल एवं सार्थक पहल सिद्ध होगा। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बसंत पंचमी उत्सव मनाया

उदयपुर (पुकार)। ऐश्वर्या कॉलेज में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा एवं अर्चना की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर को पीले रंग के गुब्बारों और फूलों से सजाया गया जो वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक था। छात्रों ने उत्साह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा को फूलों से सजाया और धूपदीप जलाकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। छात्रा सलोनी तिवारी ने मां सरस्वती पर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महिमा चुण्डावत ने मां सरस्वती की स्तुति में एक कविता सुनाई। खुश्मिता चंदेरीया ने मां सरस्वती पर एक सुंदर गीत गाया। मदन लाल ने उत्साहवर्धक कविता पाठ किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने छात्रों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह दिन ज्ञान और शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष गजपालसिंह का स्वागत



उदयपुर (पुकार)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से नवनियुक्त गजपाल सिंह राठौड़ के मनोनीत होने पर भाजपा राजस्थान अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व महामंत्री के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गजपाल सिंह राठौड़ को मेवाड़ी पगड़ी, ओपर्णा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उनके लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर राजस्थान अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व महामंत्री इकराम कुरैशी, प्रदेश मंत्री ज़ाकिर हुसैन घाटीवाला , भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आईटी सेल उदयपुर संभाग प्रभारी सलीम हुसैन , मोर्चा देहात उपाध्यक्ष सिराज परवेज़, समाजसेवी रेहान कुरैशी, सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

### 13 फरवरी तक मनाया जाएगा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह

उदयपुर (पुकार)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 13 फरवरी तक पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि निदेशक पशुपालन निदेशक एवं राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के पदेन सचिव डॉ. आनन्द सेजरा ने राज्य के समस्त जिला अधिकारियों को पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह में 13 फरवरी तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर पशुपालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए है। डॉ. छंगाणी ने बताया कि जागरूकता अभियान के माध्यम से पशुधन की उत्पादकता, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ किसानों को टिकाऊ खेती और सर्वोत्तम पशुपालन गतिविधियों के बारे में शिक्षित करने का प्रयास किया जाएगा।

### बसंत पंचमी पर आज झूलेलाल भवन में सजेगी सुरों की महफ़िल

उदयपुर (पुकार)। सिंधी समाज एवं सुरों की मंडली के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर 2 फरवरी को सुरों की महफ़िल का आयोजन झूलेलाल भवन, शक्तिनगर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के लोग अपनी प्रस्तुति देंगे और संगीत का आनंद लेंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार मुकेश माधवानी ने बताया कि समाज में छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवा, वरिष्ठ नागरिक और संगीत प्रेमी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है और संगीत प्रेमियों को एक विशेष संगीतमय संध्या का अनुभव करने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के प्रायोजक हरीश राजानी और हेमंत भागवानी ने बताया कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि यह समाज में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और स्वस्थ मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण जरिया भी है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन बसंत पंचमी के पावन पर्व पर किया जा रहा है, जिससे समाज के लोग संगीत के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ सकें और इस अवसर का आनंद ले सकें।

### अध्यात्म बिना शिक्षा अधूरी



उदयपुर (पुकार)। सुविवि योग केंद्र में अध्यात्म व शिक्षा के समन्वय पर विशेष व्याख्यान माला आयोजित की गई जिसके अंतर्गत 'अध्यात्म बिना शिक्षा अधूरी विषय' पर एक विशेष व्याख्यान आचार्य प्रितोषानंद अवधूत द्वारा किया गया। व्याख्यान में जीव से शिव तक की यात्रा, भौतिक ऊर्जा का सायकिक ऊर्जा में तथा साइकिक ऊर्जा का आध्यात्मिक ऊर्जा में रूपांतरण होने की प्रक्रिया जैसे गूढ़ विषयों पर चर्चा की गई। आचार्य सुभद्रानंद अवधूत ने तांडव एवं कोषीकी नृत्य की विधा पर विस्तृत विवेचन के साथ उपस्थित विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्य गणों को इसका प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। शहर के ख्यातनाम फीजिशियन डॉ. एस. के. वर्मा उक्त दौनो नृत्यों के अभ्यास से संबंधित ग्रंथियों और उनके प्रभावों को समझाया। योग केंद्र समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने योग केंद्र के संदर्भ में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। इस अवसर पर अतिथि संकाय सदस्य डॉ. मीना बाबेल, डॉ.मेघा पाल, शिव जाखड़, , प्रज्ञा सांखला, पुष्पदीप प्रजापत , किरण सोनी, सुचेता परमार शाइदा हामिद, दिनेश मीणा, विशालदीप सैनी, हितेश बागड़ी, गोपाल देव डांगी तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश प्रकाश शर्मा ने किया।

# जीवंत जीवन के लिये निरन्तरता आवश्यक

### सुप्रकाशमति माताजी का आज बलीचा में ध्यानोदय क्षेत्र में होगा भव्य प्रवेश



उदयपुर (पुकार)। आर्यिका सुप्रकाशमति माताजी संघ का कल रविवार दोपहर 2.30 बजे बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ में प्रवेश होगा। आज माताजी अपने संघ के साथ ओड़ा गांव पंहुची।

ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि गणिनि आर्यिका 105श्री सुप्रकाश मति माताजी गत वर्ष 14 फरवरी उदयपुर से तीर्थ वंदना पद यात्रा ले कर निकली थी और उदयपुरवासियो के विनम्र आग्रह पर रविवार को पुनः उदयपुर पहुंच रही है। आर्यिका माताजी 5 शिष्या के साथ सांय ओड़ा से केवड़ा पहुंची जहाँ पर आयोजित धर्मसभा में गुरु माँ ने कहा कि जीवंत जीवन के लिये निरंतरता जरुरी है। जिस प्रकार नदी बहती रहती है तो पानी स्वच्छ रहता है,उसी प्रकार स्थिर जीवन ऊर्जा वान नहीं रहता इस लिये हमारे भाव थे की उन तीर्थं की वंदना के बनें और उत्तर भरत के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखर की वंदना अयोध्या-वाराणसी कोशाम्बी गुनावा नवादा पावापुरी आदि ऐसे सभी तीर्थ हमनें अपने भावो को मोक्ष मार्ग को उच्च बनाने के लिये किया।

उन्होंने कहा कि आप भी जीवन मे कुछ करना चाहते हो तो बस कुछ अच्छे कार्य करते रहो जीवन अपने आप सुख समृद्धि मय होगा। उदयपुर ऐसा शहर है जहाँ ऊर्जावान श्रावक श्राविका रहते है तो साधु भी यहां खींचा चला आता है। गुरु माँ 2 फरवरी को प्रातः केवड़ा से विहार कर ढ़ोल की पाटी जैन मंदिर पहुंच कर वहा आहार चर्या होंगी एवं दोपहर 12.30 पद विहार अम्बा माता घाटी वाले 100फ़ीट रोड बालीचा सब्जी मंडी होते हुए ध्यानोदय तीर्थ मे 2.30बजे मंगल प्रवेश करेगी, जहाँ सकल दिगंबर जैन समाज के तहत सभी गुरु माँ भव्य स्वागत करेंगे।

गोदावत ने बताया कि जहाँ अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, सुरेश पदमावत के साथ ध्यानोदय ट्रस्ट के ओम गोदावत-लक्ष्मी लाल मालवी, पुष्पेंद्र धन्नावत- दिलीप गोदावत एवं अखिल भारतीय सुप्रकाश ज्योति मंच के सभी सदस्य एवं उदयपुर के सरावगी समाज, खंडेलवाल समाज, नरसिंहपुरा समाज, चित्तौड़ा समाज, नागदा समाज, दशा एवं बिसा हुमड समाज एवं कई युवा संगठन अपने सदस्य के साथ स्वागत पाद प्रक्षालन पुष्प वर्षा के साथ करेंगे।

प्रवक्ता विपिन जैन ने बताया कि गुरु माँ करीब 1वर्ष मे 3500 किलोमीटर मीटर की यात्रा कर उदयपुर पहुंच रहे है। उनके साथ 5 और साध्वी भी पधार रहे है जिनका उदयपुर प्रवास रहेगा। गुरु माँ के ध्यानोदय प्रवास मे प्रति दिन प्रातः 7.30 बजे जिनाभिषेक, 9 बजे तत्व चर्चा, दोपहर 3 बजे से स्वाध्याय एवं सांय कालीन 7बजे आरती होंगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना

## पात्र व्यक्ति घर बैठे मोबाइल फोन से विभागीय वेबसाइट पर कर सकेंगे आवेदन

उदयपुर (पुकार)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र व्यक्ति घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन से विभागीय बेबसाइट पर आवेदन कर सकते है। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 में प्राथमिक परिवारो के चयन व निष्कासन हेतु तथा खाद्य सुरक्षा योजना में खाद्यान्न से प्रतिमाह लाभान्वित करने हेतु तैयार प्राथमिक सूची के पात्र वंचित व्यक्तियों को जोड़ने व प्राथमिक सूची में शामिल अपात्र परिवारों को हटाने हेतु 26 जनवरी 2025 से खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोला जाकर अपीलीय प्रक्रिया के प्रावधान किये गये है। खाद्य सुरक्षा की प्राथमिकता सूची में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति या परिवार खाद्य विभाग द्वारा निर्धारित प्रारुप में संबंधित श्रेणी (अन्त्योदय, बी.पी.एल, एस.बी.पी. एल.के कार्ड का क्रमांक, सीमांत कृषक, श्रमिक कार्ड, सफाई कर्मचारी का साक्ष्य इत्यादि) का दस्तावेजी साक्ष्य स्वयं हस्ताक्षरित कर अपील कर सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को यह शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि आवेदक खाद्य सुरक्षा की निष्कासन सूची की किसी भी श्रेणी के आधार पर अपात्र नहीं हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नवीन आवेदन करने से पूर्व राशन कार्ड में सभी सदस्यों की आधार सीडिंग अनिवार्य हैं। जिले के पात्र लाभार्थियों को आधार सीडिंग के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित जिला रसद कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं हैं। वे संबंधित उपखण्ड कार्यालय एवं पंचायत समिति कार्यालय से पोर्टल एवं प्रवर्तन अधिकारी या निरीक्षक की आईडी के माध्यम से आधार सीडिंग करवा सकते हैं।

### मोहनलाल सुखाड़िया की पुण्यतिथि आज

उदयपुर (पुकार)। आधुनिक राजस्थान के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की पुण्यतिथि पर दुर्गा नर्सरी स्थित समाधि स्थल पर रविवार को प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## रंगशाला में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक आज

उदयपुर (पुकार)। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार को नाटक 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' का मंचन किया जाएगा।

पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फ़ुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 2 फरवरी 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक का मंचन रंग विदूषक संस्था भोपाल द्वारा किया जाएगा। इस नाटक के लेखक राजेश जोशी तथा निर्देशक पद्मश्री स्व. बंशी कौल है। इस नाटक में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**नाटक की कहानी :** एक अमीर जमींदार का बेटा कभी स्कूल नहीं गया। वह अपना समय गली के खेल खेलने और अपने साथियों के साथ पतंग उड़ाने में बिताता है, जिससे एक तरह की लुम्पेन संस्कृति पैदा होती है। एक दिन एक नजूमी तुक्कू में एक आसान आय देखता है। वह तुक्कू के पास जाता है और उसे बताता है कि वह शाही दरबार में एक उच्च अधिकारी बनने के योग्य है। अगर वह शाही परीक्षा में शामिल होता है तो वह पहले तीन पदों में से एक हासिल कर लेगा। घटनाओं के मोड़ से काफी खुश होकर, तुक्कू नजूमी को उदारता से पुरस्कृत करता है। तुक्कू राजधानी पहुँचता है। शाही मुहर के बल पर, तुक्कू का शाही दरबार में एक अधिकारी बनने का सपना आखिरकार साकार होता है। तुक्कू के मूर्खतापूर्ण निर्णयों का दरबार में स्वागत किया जाता है। हालाँकि, यह मस्कारा ही है जो शुरू से ही तुक्कू की मूर्खता को देख लेता है। नवाब को उनके जन्मदिन पर प्रशंसात्मक कविता भेंट करने का तुक्कू का जल्दबाजी और अनुचित निर्णय उसे अंततः निरक्षरता की समस्या से रूबरू कराता है। बूढ़ा अफसर, जो तुक्कू की निरक्षरता का रहस्य जानता है, इसका पूरा फायदा उठाता है और तुक्कू की ओर से कविता लिखता है। जैसे ही कविता का पाठ शुरू होने वाला होता है, विद्रोही महल पर आक्रमण कर देते हैं और नवाब के शासन को समाप्त कर देते हैं। नया नवाब, जो तुक्कू द्वारा लिखी गई बातों से बहुत प्रभावित होता है, तुक्कू को अगला नवाब बनाकर सम्मानित करता है।

विद्यालयी अंडर 19 वर्ष छात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# मेजबान राजस्थान सहित झारखंड, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की टीम सेमीफाइनल में




उदयपुर (पुकार)। एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में 29 जनवरी से शुरू हुई विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68 वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए है मेजबान राजस्थान सहित झारखंड, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की टीम सेमीफाइनल में पहुंची है।

रविवार सुबह के सत्र में दोनों सेमीफाइनल मुकाबले होंगे एमबी 'बी' ग्राउंड पर पहला सेमीफाइनल उत्तरप्रदेश व झारखंड के बीच होगा वहीं बी एन ग्राउंड पर दूसरा सेमीफाइनल राजस्थान व महाराष्ट्र के बीच आयोजित होगा। सेमीफाइनल मुकाबलों में हारने वाली दोनों टीमों का मुकाबला दोपहर बाद तीसरे स्थान के लिए होगा।

डीईओ लोकेश भारती के अनुसार इससे पहले शनिवार दिन को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दिल्ली और महाराष्ट्र के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर बैटिंग ली थी लेकिन महाराष्ट्र चार विकेट से विजय रहा जिसमें रिया बनिया मैन ऑफ द मैच रही, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुकाबले में छत्तीसगढ़ में टॉस जीतकर फील्डिंग ली और दो रन से उत्तर प्रदेश विजय रहा जिसमें मैन ऑफ द मैच कात्यायनी रही, मध्य प्रदेश और झारखंड के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड में टॉस जीतकर फील्ड ली और 5 विकेट से विजय श्री प्राप्त की, राजस्थान और हरियाणा में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग ली और 39 रन से विजय श्री प्राप्त की जिसमें मैन ऑफ द मैच हैप्पी खिचड़ रही। मैच के दौरान राजस्थान टीम के चीफ डे मिशन डिंपल घोघरा तथा लेखाधिकारी अंकुर गर्ग भी उपस्थित रहे। शनिवार सुबह हुए प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जम्मू कश्मीर और एमपी का मुकाबला हुआ जिसमें जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर बैटिंग ली और एमपी से 9 विकेट से हार गया इसके अंदर मैन ऑफ द मैच यशी बोहरे रही, दूसरा प्री क्वार्टर फाइनल आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच में हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ ने टॉस जीत कर फील्डिंग ली और 5 विकेट से छत्तीसगढ़ ने जीत हासिल करी इसमें मैन ऑफ द मैच चांदनी कुमारी रही, तीसरा मैच वेस्ट बंगाल और हरियाणा के बीच में हुआ जिसमें हरियाणा ने टॉस जीतकर फील्डिंग ली और 9 विकेट से जीत हासिल की उसमें हरियाणा की सारिका बेरवाल मैन ऑफ द मैच रही, सुबह का चौथा मैच उत्तराखंड और महाराष्ट्र के बीच हुआ उत्तराखंड ने बैटिंग टॉस जीतकर प्राप्त करी लेकिन महाराष्ट्र 10 विकेट से जीत गया महाराष्ट्र की आरोही बम्बोडे इस मैच की बेस्ट प्लेयर रही।

# खटीक समाज का आडंबर व दहेज मुक्त पहला सामूहिक विवाह आज, हाथीपोल से निकलेगी बारात

### खटीक समाज के 27 जोडे विवाह बंधन में बंधेंगे



उदयपुर (पुकार)। खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से बिना आडंबर और दहेज मुक्त पहला सामूहिक विवाह समारोह रविवार को बसंत पंचमी के मौके पर यहां फतह स्कूल प्रांगण में होगा। खास बात यह भी है कि यह पहला सामूहिक विवाह होगा जिसमें वर-वधु से 30 साल का स्टांप एग्रीमेंट भी किया जा रहा है कि वे तनाव व तलाक के मामले में कोर्ट-थाना जाने से पहले संगठन के पास आएंगे। खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को खटीक समाज के 27 जोडे विवाह बंधन में बंधेंगे।

बागडी ने बताया कि सुबह 11 बजे हाथीपोल चौराहे से बारात रवाना होगी जिसमें सभी 27 दुल्हे घोडी पर और दुल्हनें बग्गी पर सवार होगी। हाथी-घोडों और बैंडबाजों के साथ निकलने वाली बारात में उदयपुर के अलावा संभाग भर से तथा गुजरात व मध्यप्रदेश से समाजजन शामिल होंगे। बारात अश्विनी बाजार, देहलीगेट, बापूबाजार व सूरजपोल होते हुए दोपहर करीब 2 बजे फतह स्कूल स्थित विवाह स्थल पर पहुंचेगी। बारात का पूरे रास्ते में कई जगह सर्व समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया जाएगा। जगह-जगह स्वागत द्वार भी लगाए गए हैं। फतह स्कूल में सभी जोडो के लिए अलग-अलग यज्ञ वेदी होगी तथा अलग-अलग पंडित विवाह रस्म पूरी करवाएंगे।

बागडी ने बताया कि खटीक समाज के इस पहले और भव्य सामूहिक विवाह को लेकर समाजजनों में भरपूर उत्साह है। सामूहिक विवाह को लेकर जो निर्णय सर्वसम्मति से किए गए हैं उसको लेकर समाजजनों खासकर महिलाओं ने काफी सराहा है और कहा कि इससे समाज में काफी बदलाव आएगा। श्री बागडी ने बताया कि यह सामूहिक विवाह पूरी तरह दहेज मुक्त होगा जिसमें शामिल जोडो को किसी प्रकार की दहेज सामग्री नहीं दी जाएगी। कई सारे आडंबर से भी इसे मुक्त रखा गया है, ताकि किसी पर भी आर्थिक भार नहीं आए।

साथ ही विवाह के बाद बढते तलाक और तनाव के मामलों को देखते हुए पहली बार कोई समाज सामूहिक विवाह में क्रांतिकारी कदम उठा रहा है। संगठन ने सभी जोडो से 500 रुपए के स्टांप पर यह लिखवा कर लिया है कि 30 साल से पहले पति-पत्नी में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर थाना या कोर्ट जाने की बजाए पहले वे संगठन के पास आएंगे, जहां काउंसलिंग से समाधान किया जाएगा।

# तीन दिवसीय कहानी, लेखन कार्यशाला का प्रथम चरण सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। विद्या भवन गोविंदराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय एवं प्रसंग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कहानी लेखन कार्यशाला का प्रथम चरण सोमवार को संपन्न हुआ।

प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान ने बताया कि प्रथम चरण में विशेषज्ञ व्याख्यान हुए जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस कहानी की विकास यात्रा पर प्रो. मंजू चतुर्वेदी ने व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि कहानी लिखने में संवेदनशीलता का होना पहली शर्त है। कहानीकार को अपने आस - पास के वातावरण,समाज एवं परिस्थितियों के प्रति सजग रहते हुए अपने लेखन में उसको शामिल करना चाहिए। दूसरे दिन प्रो. इंदिरा जैन ने कहानी के तत्वों पर प्रकाश डाला कि कैसे कथानक, पात्र, उनका चरित्र चित्रण एवं देशकाल और वातावरण तथा कथोपकथन का सही समन्वय कहानी को आगे बढ़ाने एवं प्रभावी बनाने में मददकरते हैं। तीसरे दिन डॉ. मधु अग्रवाल एवं श्रीमती रागिनी शर्मा ने अलग- अलग तरह की कहानियों का पाठ किया एवं सत्रांत में प्रश्नकाल के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।




कार्यशाला समन्वयक डॉ.जयदेव पानेरी ने बताया कि इस कार्यशाला के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियां पढ़ने हेतु दी जाएगी तत्पश्चात उनसे रचनाएं ली जाएंगी एवं उनकी रचनाओं पर भाषा विभाग के सदस्य एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा कर परिष्कृत किया जाएगा। अंतिम चरण में लिखित रचनाओं का पाठ एवं प्रकाशन का कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यशाला का परिचय डॉ. संतोष उपाध्याय ने दिया। संचालन डॉ. जगदीश चंद्र आमेटा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मुकेश कुमार सुखवाल ने किया।

### नारायण सेवा का दो दिवसीय नि :शुल्क दिव्यांग विवाह 8 से

पीले चावल देने शुरु

उदयपुर (पुकार)। नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में 43वां निःशुल्क निर्धन एवं दिव्यांग युवक-युवती सामूहिक विवाह समारोह 8-9 फरवरी को उदयपुर में आयोजित किया जायेगा। संस्थान अपने समस्त आश्रमों पर अपने सहयोगियों को आमंत्रण देने के लिए पीले चावल बांटने शुरू कर दिये है।

संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि समारोह के लिए संस्थान की शाखाओं द्वारा सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी सप्ताह सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर जोड़ों के सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। जोड़ों के परिजनों को संस्थान में पहुँचने, आवास और विवाह समारोह की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। इस बीच समारोह की सभी तैयारियों के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया।

### जादू ने मोह लिया बच्चों का मन



उदयपुर (पुकार)। तारा संस्थान द्वारा संचालित शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में मैजिक शो का आयोजन किया गया। जादूगर जैन सी. के. जैन और उनकी टीम ने बच्चों को ताश, पानी और नोट से जादू दिखाकर जादुई दुनिया की सैर कराई। नर्सरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने जादू देखा। बच्चों को चावल देकर जादुई लाइटर पर मुरमुरे बनवाये, मीना बाजार के बॉक्स से लम्बा तिरंगा निकालकर दिखाया। टीचर्स और पेरेन्ट्स ने मैजिक का आनन्द लिया। शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल तारा संस्थान द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल है। यहाँ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। वर्तमान में 160 बच्चे अध्यनरत् है।

**बी प्लस**

### मध्यम वर्ग की उपभोक्ता मांग और बचत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

उदयपुर (पुकार)। मध्यम वर्ग की ओर से मांग में कमी की चिंताओं को देखते हुए, बजट में व्यक्तिगत आयकर स्लैब को तर्कसंगत बनाया गया है, साथ ही स्रोत पर कर कटौती की सीमा में संशोधन किया गया है। इससे मध्यम वर्ग द्वारा उपभोक्ता मांग और बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिसे उच्च मुद्रास्फीति और कम आय वृद्धि से चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

एचडीएफसी बैंक की प्रिंसिपल इकोनॉमिस्ट, साक्षी गुप्ता ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि आम आदमी के लिए रियायतों से परे, बजट में 'लाइट टच' नियामक दृष्टिकोण के माध्यम से व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अगले पांच साल की वित्तीय रणनीति कृषि, एमएसएमई, निर्यात को बढ़ावा देने और भारत की क्षमता निर्माण में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में तैयार की गई है। वित्त मंत्री की वित्तीय रणनीति का झुकाव खपत को बढ़ावा देने की ओर है, जबकि पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 2024-25 की बजट योजनाओं से मोटे तौर पर अपरिवर्तित रखा गया है।

### ईईएसएल और आरआईएसएल का ई-मित्र किफायती ऊर्जा समाधान पहुंचा रहा हर घर तक

उदयपुर (पुकार)। विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) और राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डिओआईटी एवं सी), के अंतर्गत कार्यरत राजकॉम्प इंफो सर्विसेज लि. (आरआईएसएल) राज्य में एक महत्वपूर्ण ऊर्जा दक्षता पहल को बढ़ावा दे रहे हैं। ईईएसएलऔर आरआईएसएल ने मिलकर व्यापक ई-मित्र नेटवर्क का उपयोग करने के लिए सहयोग किया है, ताकि ऊर्जा दक्ष समाधान को प्रोत्साहित और राजस्थान भर में जनसेवा वितरण को सुदृढ़ किया जा सके। राज्य भर में 75,000 ई-मित्रों के व्यापक नेटवर्क है। इस वजह से यह ईईएसएल के ऊर्जा दक्ष समाधानों को राज्य के सबसे दूर-दराज इलाकों तक पहुंचाने का एक प्रभावशाली माध्यम है। ई-मित्र के व्यापक नेटवर्क की वजह से यह सुनिश्चित होता है कि ये उत्पाद और समाधान सभी के लिए सुलभ हों। ई-मित्र नेटवर्क का यह नवाचारी मॉडल देश की ऊर्जा दक्षता यात्रा को बदल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद रावत उत्तर पश्चिम रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ मन्नालाल रावत को उत्तर पश्चिम रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। भारत सरकार के अवर सचिव अनिल कुमार के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री ने सांसद रावत को उत्तर पश्चिम रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति पर सदस्य के रूप में नामित किया है। सांसद रावत के इस मनोनयन से राजस्थान व खास तौर पर उदयपुर संसदीय क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार, नई रेलों के सर्वे और सुविधाओं के विस्तार में काफी मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों के रेल संबंधी सुझावों को भी प्रभावी तरीके से रखा जा सकेगा।

### कानोड मेन रोड व कमलवाला तालाब के विकास कार्य का शिलान्यास आज

**कानोड़।** कानोड़ नगर का मुख्य मार्ग श्री हनुमान मन्दिर जवाहर विद्यापीठ से पुलिस थाने तक रोड़, कमलवाला तालाब के सौंदर्यकरण के विकास कार्य का शिलान्यास आज रविवार को होगा।

भाजपा मंडल महामन्त्री दिनेश जोशी ने बताया कि रविवार को दोपहर 1:15 बजे कोर्ट चौराहा पर सांसद सी. पी. जोशी के मुख्य आतिथ्य व वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी की अध्यक्षता में कानोड के मुख्य मार्ग श्री हनुमान मन्दिर, जवाहर विद्यापीठ से पुलिस थाने तक की मेन रोड़ तथा कमलवाला तालाब (झील) के सौंदर्यकरण के विकास कार्य का शिलान्यास होगा। जोशी ने बताया कि इस अवसर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कानोड मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीमाली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं तथा कानोड नगर की ओर से क्षेत्र के सांसद जोशी व विधायक डांगी का भव्य स्वागत भी किया जाएगा।

### अरावली हॉस्पिटल ने 27 साल पूर्ण होने पर किया अपने आधार स्तंभों का सम्मान




**उदयपुर (पुकार)।** अरावली हॉस्पिटल ने शनिवार को गौरवमयी 27 वर्ष पूर्ण करने के बाद 28वें वर्ष में प्रवेश कर लिया। हॉस्पिटल की स्थापना डॉ एस बी गुप्ता के मार्ग दर्शन में डॉ. आंनद गुप्ता ने वर्ष 1998 में आज ही के दिन की थी। स्थापना दिवस के मौके पर हॉस्पिटल के अम्बामाता स्थित परिसर में चेयरपर्सन श्रीमती मंजू गुप्ता की मौजूदगी में कैक कटिंग सेरेमनी समेत कई आयोजन किये गए जिसमें समस्त डॉक्टर्स व स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान शुरू से अब तक हाथ से हाथ मिलाकर चलने वाले हॉस्पिटल के आधार स्तंभ महेंद्र मेहता, अजय खंडेलवाल, अविनाश कोठारी व संजय बोहित को अरावली अस्पताल परिवार की तरफ से समूह के निदेशक डॉ आनन्द गुप्ता व मेडिकल डायरेक्टर डॉ संगीता गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. आनंद गुप्ता के बोए गए उत्कृष्टता के बीज ने आज वटवृक्ष का रूप धारण कर लिया है। उनके नेतृत्व में अरावली समूह का मल्टी स्पेशिएलिटी और एनएबीएच मान्यता प्राप्त अरावली हॉस्पिटल विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा का पर्याय बन गया है। अस्पताल में स्त्री रोग, मूत्र विज्ञान, हड्डी रोग, आघात, सामान्य चिकित्सा, सामान्य सर्जरी, ईएनटी, डायलिसिस और पूरी तरह से सुसज्जित आईसीयू सेवाओं के लिए विभाग मौजूद हैं। अरावली समूह के संस्थापक दिवंगत डॉ. एसबी गुप्ता का ध्येय था कि जो भी इलाज के लिए यहां पर आए उन्हें संतुष्टपूर्ण इलाज मिले। उनके इस उद्देश्य को डॉ. आंनद गुप्ता ने आगे बढ़ाते हुए इस हॉस्पिटल को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया। वर्तमान में डॉ. आंनद गुप्ता की जीवनसंगिनी डॉ. संगीता गुप्ता मेडिकल डॉयरेक्टर के पद पर अस्पताल को बखूबी संभाल रही हैं। डॉ. आंनद और डॉ. संगीता गुप्ता दोनों के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन से टीम अरावली हॉस्पिटल भविष्य की बुलंदियों को छूने को अग्रसर है। हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के बाद से जनता के बीच गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का प्रसार करने और विभिन्न बीमारियों और उन्हें रोकने के तरीके के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जनता के लिए कई शिविरों और शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया है। जिस उद्देश्य को समूह ने नींव में डाला था, वह अनवरत है।

### अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ के अभियान में विदेशी व अन्य आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ के अभियान में



सुखेर थानाधिकारी रविन्द्र सिंह व डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रत्नू मय टीम द्वारा 30.17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए को जब्त करने के मामले में दो और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में अनुसंधान अधिकारी बड़गांव थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित थानाधिकारी ने साक्ष्यों का संकलन कर गिरफ्तारशुदा आरोपी को पुलिस अभिरक्षा प्राप्त कर जब्तशुदा एमडीएमए के स्रोत के बारे में गहन अनुसंधान एवं आरोपी के मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण किया। इसके आधार पर आरोपी नैन्सी द्वारा जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए को नाईजीरियन युवक से दिल्ली में खरीदना पाया गया। पुलिस ने 29 जनवरी रात को दिल्ली पहुंच कर नाईजीरियन युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पूर्व में गिरफ्तारशुदा आरोपी नैनसी ने जब्तशुदा एमडीएमए दिल्ली से अंकित शर्मा को देने के लिए लाना बताया। इसकी पुष्टि पर शनिवार को आरोपी अंकित पुत्र स्व. गजेन्द्र शर्मा निवासी रंग सागर यादव कॉलोनी, अम्बावगढ को गिरफ्तार किया गया।

### 2 लाख का गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे 2 लाख रुपए मूल्य का करीब पांच किलो गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अजय सिंह राव और स्पेशल टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू ने बताया कि सूचना मिली कि अवैध रूप से गांजा परिवहन कर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने नारू पुत्र अमरा मीणा निवासी घाघरी सलूम्बर के कब्जे से करीब 4 किलो 927 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### आधा किग्रा गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने आधे किग्रा गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसआई रणजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मादडी पुलिया के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसका पीछा कर पकडकर तलाशी ली तो उसके पास 520 ग्राम गांजा मिला। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी गोविन्द पुत्र मिठु कालबेलिया निवासी मठ मादडी प्रतापनगर को गिरफ्तार किया।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे बढाएगा

**उदयपुर (पुकार)।** शनिवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए आज बजट 2025 को लेकर आमजन को 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने के फैसले का सबसे ज्यादा स्वागत किया गया है। इससे पीछे तर्क देते हुए कहा गया कि इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी।



**सांसद मन्नालाल रावत** ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 गांव, गरीब, युवा, महिलाओं, आदिवासी, दलित, मध्यम वर्ग और किसान के लिए पर्याप्त जगह के साथ 2047 में विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे बढाएगा। सांसद रावत ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 12 लाख रुपये की आय पर कोई टैक्स नहीं देने की घोषणा से करोडों मिडिल क्लास लोगों को फायदा मिलेगा। मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को ताकत दी है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक क्षेत्र समेत 10 प्राथमिकताओं से समझा जा सकता है कि सरकार का ध्यान हर वर्ग पर है, जिसमें आदिवासियों को भी पर्याप्त जगह दी गई है। यह बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म को एक साथ लेकर चलता है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।

बजट में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। विद्यालयों के लिए 50,000 अटल टिंकरिंग लैब और सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड सुविधा की घोषणा से विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी संसाधनों तक समान अवसर प्राप्त होंगे।

#### विकसित भारत के निर्माण को साकार करने वाला बजट : चुन्नीलाल गरासिया

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के निर्माण को साकार करने वाला बजट है। यह बात राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मोदी का प्लान सबका कल्याण वाला बजट है। गरासिया ने कहा कि ये बजट बहुत ही संतुलित है और सर्व समावेशी है जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। ग़रीब कल्याण-नारी सम्मान-युवाओं का विकास साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने वाला बजट है।

#### विधायक मीणा ने केन्द्रीय बजट को सर्वहित में महत्वपूर्ण बताया

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने केन्द्रीय बजट को सर्वहित में महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स से मुक्त कर दिया गया है। सभी आय वर्ग के लोगों के लिए टैक्स में भी कमी की गई है। इसका बहुत बड़ा लाभ हमारे मध्यम वर्ग को और नौकरी.पेशा लोगों को मिलेगा। इस बजट में किसानों से लेकर आम आदमी के बजट का ध्यान रखा गया है। आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की भी बात कही गई है। यह सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता हैए बल्कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में आर्थिक विकासए सामाजिक समावेश एवं पर्यावरण संरक्षण का समुचित संतुलन देखने को मिला है।

**भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़** ने बताया कि विकसित भारत के अंतर्गत यह बजट सर्वस्पर्शी होकर देश के सभी वर्गों को प्रभावित करने वाला बजट होगा।

भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व महापौर गोविंद सिंह टांक, रजनी डांगी, चंद्र सिंह कोठारी, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश भट्ट, युधिष्ठिर कुमावत, शहर जिला महामंत्री डॉक्टर किरण जैन मनोज मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बेहतरीन बजट पेश किया गया जो कि गरीब युवा अन्नदाता नारी शक्ति एवं मध्यम वर्ग के लिए आज तक का दिया जाने वाला सबसे जबरदस्त बजट सिद्ध होगा जो भारत की आर्थिक स्थिति और व्यापारिक रीड की हड्डी को एक बेहतरीन मजबूती देगा।

**भाजपा नेता प्रदीप श्रीमाली** ने कहा कि वित्त मंत्री ने कई अच्छे बिंदुओं को उठाया है, जिससे मध्यम वर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। कृषि क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र और कई क्षेत्रों को उन्होंने कवर किया है और मध्यम वर्ग के लिए 12 .75 लाख तक कि टैक्स छूट का होना बहुत ही अच्छा निर्णय है। मेडिकल मैं गम्भीर बीमारियों में दवाओं का सस्ता करना बहुत ही अच्छा काम है यह बजट स्वागत बहुत उतम स्वागत योग्य है।

#### आयकर में राहत मध्यमवर्गी के लिए संजीवनी बूटी के समान : डॉ शास्त्री

बजट में सरकार आय का आयकर से अवलम्बन घटाया गया है। इससे के साथ लम्बे समय से जनता की सिंगल विण्डो टैक्स की मांग की ओर एक कदम और बढ़ गया है। आयकर में यह राहत जनता के लिए सुखदायी और सरकार के लिए नई राह खोलने वाली है। नई कर व्यवस्था के तहत अब 12 लाख रुपए की आय तक कर नहीं लगेगा।

#### बजट में राजस्थान का नाम तक नहीं लिया : कचरू लाल चौधरी

केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया देते हुए उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की दुहाई देकर राजस्थान की सता में आने के बाद देश के बजट में राजस्थान का नाम तक नहीं लिया। ये राजस्थान की जनता के साथ विश्वासघात है। केंद्र सरकार का बजट पूरी तरह निराशाजनक है। व्यापारी वर्ग जटिल जीएसटी प्रणाली को लेकर चिंतित रहता था और उसे इस आम बजट से राहत की उम्मीद थी लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने व्यापारी वर्ग को पूरी तरह निराश किया है। व्यापारी वर्ग का देश की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है लेकिन उस व्यापारी वर्ग को जटिल जीएसटी प्रणाली से राहत नहीं मिली। कुल मिलाकर केंद्र सरकार का यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है।

#### मोदी जी के पूंजीपति मित्र 'मस्त' है : फतह सिंह राठौड़

उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि देश गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह 'त्रस्त' है और मोदी जी के पूंजीपति मित्र 'मस्त' है। केंद्र सरकार ने इस बजट में महंगाई और रोजगार की दिशा में कोई घोषणा नहीं करी। पुरानी पेंशन (ओपीएस) को लेकर निराशाजनक रवैया बरकरार है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने को लेकर कोई घोषणा नहीं करी गई। कुल मिलाकर मध्यम वर्ग से 'मोदी की लूट' निरंतर जारी रहेगी। देश का बजट पूरी तरह निराशाजनक है।

#### एमएसपी की गारंटी चाहिए : डॉ संजीव राजपुरोहित

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने कहा कि आज देश में किसानों की आत्महत्या सबसे बड़ा मुद्दा है। अलग-अलग राज्यों में देश के अन्नदाताओं द्वारा करी जाने वाली आत्महत्याओं की संख्या बढ़ती जा रही है। देश के किसान को एमएसपी की गारंटी चाहिए। उन्हें 'क्रेडिट फैसिलिटी' नहीं, बल्कि कर्जमाफी चाहिए। किसान सरकार से बात करना चाहते हैं। पहले वे दिल्ली के बॉर्डर पर एक साल से ज्यादा तक बैठे रहे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

#### हताश करने वाला बजट : पंकज कुमार शर्मा

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार के बजट को अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह आम आदमी, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के लिए पूरी तरह से हताश करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में राजस्थान की पूरी तरह अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि इस बजट में न तो किसानों की बेहतरी के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए, न ही युवाओं के लिए रोजगार सृजन की कोई प्रभावी योजना बनाई गई।

#### खास आदमी के लिए बनाया गया बजट : डॉ विवेक कटारा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ विवेक कटारा ने आज पेश हुए बजट की प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह यह आम बजट आम आदमी के लिए नहीं सिर्फ खास आदमी के लिए बनाया गया बजट में आम आदमी को कोई फायदा नहीं है नहीं युवाओं को इस बजट का फायदा है पिछले कई सालों से युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं उनके लिए कोई खास नौकरी का प्रबंध नहीं किया ना ही इस बजट में किसानों का ध्यान रखा है आम व्यक्ति टैक्स में छूट का इंतजार कर रहा था वह इंतजार इंतजार ही रहा है।

#### मध्यम वर्गीय पर विशेष ध्यान दिया : प्रवीण सुथार

**उदयपुर (पुकार)।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के राजस्थान ब्रांचेज चेयरमैन प्रवीण सुथार ने बताया कि इस बार का केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री ने मध्यम वर्गीय पर विशेष ध्यान दिया। युवा उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा। 12 लाख रुपये की आय तक कोई कर नहीं।

शहर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी मुकेश माधवानी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम बजट मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने वाला है।सरकार द्वारा 12 लाख तक की आय पर कर छूट दी गई है, जो एक सराहनीय कदम है। साथ ही, बुनियादी ढांचे के विकास पर भी विशेष जोर दिया गया है।

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया** स्टाफ एसोसिएशन जयपुर सर्किल के पूर्व उपाध्यक्ष पी.एस.खींची ने बताया कि अभी तक का यह पहला बजट है, जिसमें वेतन भोगी, मध्यम आय वर्ग, सीनियर सिटीजन, पेंशनर के लिए अच्छा बजट है। लेकिन बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 74 से 100 प्रतिशत तक किया है, जिससे देश की बीमा कम्पनियों को नुकसान होगा।

**निदेशक- बीआर अकाउंट्स एन्ड टैक्स** कंसलटेंट भुवनेश्वर श्रीमाली ने कहा कि बजट में आकांशा अनुरूप सभी वर्गों पर ध्यान दिया गया है। सबसे मुख्य बात 12 लाख रुपये तक की आय कर मुक्त होगी, यदि व्यक्ति के पास विशेष ब्याज नही है। साथ ही रेंट पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख रुपये से बढ़कर 6 लाख कर दी गई है और टैक्स फाइलिंग की मियाद बढ़कर 4 साल कर दी गई है, जो एक सराहनीय कदम है।

**सीए सौरभ गोलछा ने कहा कि** इस बजट में मध्यमवर्गीय टैक्सपेयर्स को बहुत बड़ी राहत दी गई है। इस बजट में न्यू रिज़ीम में इनकम टैक्स स्लैब को बढ़ाया गया है। इसका सीधा फ़ायदा टैक्सपेयर्स को मिलेगा। 12 लाख तक के इनकम पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा। सीनियर सिटीजन को मिलने वाले ब्याज पर टीडीएस कटौती की लिमिट को 50 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख किया गया है। इसी तरह किराए पर टीडीएस कटौती की लिमिट को 2 लाख 40 हज़ार से बढ़ाकर 6 लाख कर दिया गया है। इस बजट में अगले सप्ताह नये इनकम टैक्स बिल को भी लाने की घोषणा की गई है।

### टैक्स के मोर्चे पर लोगों को राहत देने का किया प्रयास:डॉ. कुणावत



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. निर्मल कुणावत ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किये गये आम बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं से लेकर महिलाओं पर फोकस रखा गया है. वहीं गरीब, मिडिल क्लास और किसानों के लिए भी इस बजट में खास तोहफा दिया गया है. इस बार के बजट में सरकार महंगाई और टैक्स के मोर्चे पर लोगों को राहत देने का प्रयास किया है ,किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये तक बढ़ाने का ऐलान कर राहत पाहुचाई है , सभी डैडमे के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। चुकी पहले ये सीमा 10 करोड़ तक थी अब 20 करोड़ कर दी गई। वित्त मंत्री ने बजट में टैक्सपेयर्स नोकरी पेशा अब सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। वहीं टीडीएस में भी राहत दी गई है। सीनियर सिटीजन को भी इनकम टैक्स में बड़ी राहत मिली है। हालांकि यह फायदा उन्हीं टैक्सपेयर्स को मिलेगा जो नई टैक्स व्यवस्था के अनुसार आईटीआर फाइल करेंगे। टैक्स डिडक्शन में बुजुर्गों के लिए भी बड़ी घोषणा तोहफा दिया गया है सीनियर सिटिजन के लिए टैक्स डिडेक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपया किया जाता है। स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए अद्यतन रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दी गई है। सभी की अपेक्षाओं के विपरीत सिर्फ नोकरी पैसा के लिए ही राहत का सोचा गया परन्तु व्यवसाय या उद्योगियो के लिए कर के लिए कोई राहत नहीं दी गई।

### आयकर व महंगाई में राहत देने वाला बजट : निर्मल सिंघवी



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना रिकॉर्ड आठवां बजट प्रस्तुत करते हुए देश को विकासशील से विकसित देश बनाने के लिए बजट में पावर, माइनिंग, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्रों, विन्यामक सुधार, कर क्षेत्रों पर जोर देते हुए कई योजनाओं एवं बदलाव की घोषणा की है, जो स्वागत योग्य है। यह विचार वरिष्ठ सीए निर्मल सिंघवी ने बजट पर व्यक्त किए। सिंघवी ने बताया कि राजकोषी घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत से घटाकर 4.4 प्रतिशत किराए पर टीडीएस काटने की सीमा 2.4 लाख से बढ़कर 6 लाख करने से छोटे करदाताओं को जिनकी आय, आयकर कटौती की सीमा के अंदर है उन्हें अपनी पूरी किराए राशि प्राप्त होगी, साथ ही नए आयकर प्रावधानों के तहत आयकर की छूट की सीमा 12 लाख तक आय वालों को 100 प्रतिशत प्राप्त होगी ,परंतु अगर आय 12 लाख रुपए से अधिक है तो कर की गणना 4 लाख रूपये से ही होंगी। इन आयकर छूटो का असर अप्रत्यक्ष रूप से असर एफएमसीजी सेक्टर उद्योगो ,ऑटो सेक्टर उद्योगो, रियल स्टेट सेक्टर पर पड़ेगा एवं साथ ही जनता के हाथ में पैसा रहने से उनकी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी जो की एक स्वागत योग्य कदम है।

### बजट पर मार्बल व्यापारियों की परिचर्चा



उदयपुर मार्बल एसोसिएशन द्वारा बजट के पश्चात के एसोसिएशन कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई जिसमे के बजट पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष पंकज गंगावत ने वित्त मंत्री के बजट प्रस्ताव पर चर्चा कर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उपभोक्ताओं पर निर्भर हैं। सरकार द्वारा आयकर स्लैब में काफी बदलाव किया गया हैं। इससे बाज़ार में पैसा आएगा जिससे इकॉनोमी बूस्ट होगी। इसका सीधा लाभ डैडम् सेक्टर को मिलेगा। साथ ही जीडीपी में भी वृद्धि होगी। यह बजट देश के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट, उदयपुर शाखा पूर्व अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती** का कहना है कि वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपने आठवे बजट में प्रमुख रूप से कर प्रणाली, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, ऊर्जा क्षेत्र, नियामक सुथार के क्षेत्रों में सुधार का खाका तैयार किया है। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा दोगुनी होगी। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों की विकास क्षमता बढ़ेगी।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट, उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन** का कहना है कि मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में बहुत बड़ा फायदा मिला है। नई रेजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव है जो इस तरह रहेगा। जिसमें 0 से 4 लाख तक नील, 4 लाख से 8 लाख तक - 5 प्रतिशत, 8 लाख -12 लाख तक 10 प्रतिशत, 12 लाख से 16 लाख तक 15 प्रतिशत, 16 लाख से 20 लाख तक 20प्रतिशत, 20 लाख से 24 लाख तक 25 प्रतिशत, 24 से अधिक - 30 प्रतिशत रहेगा। अगले हफ्ते पेश होगा नया इनकम टैक्स बिल। केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण - 2025 में प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए नई योजना, कंपनी विलय और फास्ट्रेक विलय को सरल बनाया जाएगा।

# अधिकारियो ने आनन फानन में निगम का दायरा बढ़ाया, अब आपत्तियों की भरमार

## पेराफेरी के जनप्रतिनिधि पहुंचे निगम, बोले आंखे मुंद के बना दिए बेतरतीब वार्ड





#### हंगामा देख अब नए सिरे से वार्ड पुनर्गठन में जुटे अधिकारी

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम विस्तार को लेकिन जो 70 से बढाकर 80 वार्ड बनाए उसमें शामिल पेराफेरी पंचायतों से भारी आपत्तियां सामने आई है। निगम ने गिर्वा और बडगांव के जिन 19 पंचायतों को निगम दायरे में ले नए 10 वार्ड का गठन किया उसकी भौगोलिक संरचना इतनी बेतुकी बनाई गई कि किसी वार्ड को 20 किलोमीटर लम्बा कर दिया तो किसी को 15 किमी। नए परिसिमन पर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा समेत इन पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने असंतोष जताते हुए शनिवार को निगम पहुंच आपत्तियां दी। ऐसे में अब नए सिरे से आपत्तियों की सुनवाई कर वार्ड के नक्शे में संशोधन होगा।

नगर निगम को दायरा बढाकर निगम प्रशासन ने जो दस नए वार्ड बनाए उसमें भारी खामियां उजागर हुई है। निगम आयुक्त द्वारा नए निगम का नक्शा जारी कर 9 फरवरी तक आपत्तियां मांगी गई जिस पर दूसरे ही दिन भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उपमहापौर पारस सिंघवी, पूर्व गिर्वा प्रधान तखतसिंह शक्तावत, मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह, मुकेश जोशी, कमलेश शर्मा, मोहन पटेल, देबारी उप सरपंच चंदन सिंह देवड़ा, महेश व्यास, भुवाना सरपंच मोहन डांगी, भूपेंद्र श्रीमाली, शंकर गमेती, प्रेम सिंह, गोविंद रेबारी, लोकेश गौड़, देवी लाल सालवी समेत तमाम पेराफेरी पंचायतों के जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिक निगम पहुंच गए और मौजूदा परिसिमित ओर पुर्नगठन पर आपत्तियां जताई। सवाल खडे किए गए कि निगम अधिकारियों ने बिना रायमशवरा किए वार्ड बना दिए जिसमे नए वार्ड की भोगोलिक स्थिति में भारी खामियां है। इन्हे सुधार करना होगा। सभी की ओर से निगम अधिकारियों को लिखित में आपत्तियां दी गई।

निगम ने जो वार्ड 3 बनाया उसके एक छोर से दूसरे छोर की दूरी 20 किलोमीटर है जो संभव नही। ऐसे ही नाकोडा नगर बेडवास रेबारियों के गुडा को लेकर जो वार्ड बने उसका भी ठीक से गठन नहीं किया गया। तितरडी क्षेत्र का वार्ड भी काफी बडा कर दिया गया। ग्रामीण विधायक ने कहा कि तमाम जनप्रतिनिधियों की मांग है कि नए सिरे से वार्डो का पुर्नगठन किया जाए जिससे भविष्य में जनता को दुविधा नहीं हो। निगम सभागार में परिसिमन के वार्ड नक्शों को लेकर कई सवाल उठे जिस पर अब इस बात पर दिया जाएगा कि पुराने निगम क्षेत्र में जो वार्ड छोटे है उनको मर्ज करके बाहर जो नए इलाके जुडे ओर जिनका क्षेत्र बड़ा हो रहा है उन्हे छोटा कर वार्ड बढाए जाएं लेकिन 80से ज्यादा नहीं होंगे।

गौरतलब है कि जनसंख्या के मुताबिक निगम में 10 नए वार्ड ही बढ़ सकते है ऐसे में पुराने वार्ड में बिना छेड़छाड़ किए बाहरी क्षेत्र में जो वार्ड बन रहे है वह काफी बड़े कर दिए उसी पर आपत्तियां आई है ऐसे में अब नए सिरे से काम करना होगा।

#### विधानसभा क्रॉस नहीं हो

मौजूदा जो वार्ड बनाएं उसमें यह ध्यान रखना था कि किसी भी वार्ड में दो विधानसभा या थाना सर्किल न आए, फिर भी ऐसी चूक देखी गई है।

#### अफसरों के जवाब समय कम दिया

हंगामा देख निगम अधिकारी सिराज खान ने कहा कि कम समय में वार्ड बनाने का टारगेट था।

समय कम मिला। अब आपत्तियों के बाद नए सिरे से जनप्रतिनिधियो की मोजुदगी में भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखकर वार्ड सीमा तय की जाएगी।



### भारत-इंग्लैण्ड मैच पर सट्टा लगाते सात बुकी गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना पुलिस और डीएसटी ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत-इंग्लैंड मैच पर सट्टा खेलाने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के सात बुकी को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 5 लैपटॉप व 30 मोबाइल फोन बरामद किए गए। सुखेर थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में गठित टीमों ने सट्टे को लेकर बाहर से आए संदिग्ध लोगों व अवैध कार्य करने वाले लोगों की निगरानी रखना शुरू किया। शुक्रवार को श्याम सिंह प्रभारी डीएसटी को सूचना मिली कि नवरत्न कॉम्पलेक्स क्षेत्र में मध्यप्रदेश के रहने वाले संदिग्ध लोगों का आवागमन हुआ है।

सूचना पर प्रभारी डीएसटी श्याम सिंह व थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नवरत्न कॉम्पलेक्स क्षेत्र स्थित इस कॉम्पलेक्स में दबिश दी तो एक फ्लैट में 7 व्यक्ति भारत बनाम इंग्लैण्ड टी-20 क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते मिले। सभी मोबाइल पर कॉल करने वाले ग्राहकों को हार-जीत का भाव बताकर दांव लगवा रहे थे। कम्प्यूटर में इस सट्टेबाजी का हिसाब रख रहे थे। सभी टी-20 क्रिकेट के मैच पर प्रति ओवर व रन पर दांव लगवा रहे थे, जिससे एक को अनुचित हानि व अन्य को अनुचित लाभकारित करना पाया गया।

मौके से सट्टेबाजी में उपयोग में लिए जा रहे 5 लैपटॉप तथा 30 मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण और 76 लाख रूपये से अधिक का हिसाब जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व कार्रवाई जारी है। आरोपी नीमच और निम्बाहेडा क्षेत्र के हैं और उदयपुर में किराये पर फ्लैट लेकर सट्टेबाजी कर रहे थे। मामले में सौरभ पुत्र संतोष मित्तल (60) निवासी बघाना नीमच, दीपक पुत्र दुर्गाप्रसाद मित्तल निवासी बघाना नीमच, अजीम खान पुत्र अब्दुल अजीज निवासी चंदन चौक निम्बाहेडा, रितेश (54) पुत्र रमनलाल निवासी महु रोड नीमच, लालचन्द पुत्र बालमुकन्द खटीक (40)निवासी पडदा मनासा नीमच, प्रकाश (70) पुत्र बंशीलाल अहीर निवासी अहीर मोहल्ला बघाना, असरफ खान उर्फ भैया पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी बघाना को गिरफ्तार किया है।

# सम्पादकीय

## ट्रूडो की शिकस्त

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया।

दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए'। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है।

निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि ट्रूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में ट्रूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा। ऐसे में भारत उन देशों पर आने वाले समय में दबाव बना सकेगा, जो अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देते हैं। खासकर अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारों को इस पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस साल होने वाले आम चुनावों के बाद कनाडा में जो नई सरकार आएगी, उसके साथ भारत के बेहतर संबंध स्थापित हो पाएंगे। निश्चय ही नयी सरकार अतीत की गलतियों से सबक लेकर रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में गंभीर पहल करेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि ट्रूडो के शासनकाल में सबसे निचले स्तर तक पहुंचे भारत-कनाडाई रिश्तों में नई सरकार आने के बाद उम्मीदों के अनुरूप गर्मजोशी लौटेगी।

# जीवन में गोपी भाव से भक्ति मार्ग को अंगीकार करें : संत दिग्विजयराम





**निंबाहेड़ा (पुकार)।** राम स्नेही सम्प्रदाय के युवा संत दिग्विजयराम ने कहा कि जीवन में भक्ति भाव को अंगीकार करना हो तो गोपी भाव को प्रधानता दे तभी ईश्वर प्राप्ति संभव हैं।

संत रमताराम जी के परम शिष्य युवा संत दिग्विजयराम शनिवार को श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान द्वारा कृषि उपज मण्डी परिसर में वेद एवं गोसेवार्थ आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के षष्ठम दिवस शनिवार को व्यासपीठ से भागवत कथा अमृतपान करवा रहे थे। उन्होंने शरद पुर्णिमा की मध्य रात्रि को हुए महारास में गौकुल वृद्धावन की समस्त गोपियों एवं देवताओं के साथ वेणुगीत के बीच महाराज की चर्चा करते हुए कहा कि वेणुवादन के बाद आई गोपियों को श्री कृष्ण ने जब घर जाने की कहा तो उनका उत्तर था कि अब उनके चरण ही घर की ओर नहीं जा सकते तो वे कहा से आएंगे। इसी बीच राधा रानी की महारास में भागीदार बनी। जिसकी वर्णन इतना सुंदर था कि महारास मंडप में 9 लाख गोपियों के साथ 9 लाख कृष्ण भी रास करने लगे तभी युवा संत ने निराले अंदाज में राधा नाचे कृष्ण नाचे नाचे गोपीजन भजन की प्रस्तुति दी तो कथा मंडप भी महारास मंडप में निरूपित हो गया। इस दौरान सुदर्शन और शंख चूड़ का श्री कृष्ण द्वारा उद्धार किया गया। वहीं कंस के द्वारा भेजे गए कई असूरों को भी मौत के घाट उतार दिया।

कथा व्यास ने बताया कि देवर श्री नारद ने कंस के दरबार में पहुंचकर बताया कि तुम्हें मारने वाले कृष्ण और बलराम गोकुल में मौजूद हैं, जिन्हें अक्रुर जी को भेज कर मथुरा बुलाए, तब अक्रुर जी ने गोकुल जाकर कृष्ण को कंस वध के बारे में संपूर्ण जानकारी दी और वहां से सूर्योदय से पूर्व मध्यरात्रि में ही गोकुल को 11 वर्ष व 12 दिन बाद छोड़कर मोह सागर त्यागते हुए मथुरा के लिए प्रस्थान कर दिया। मथुरा पहुंचने पर कृष्ण ने धोबी का उद्धार किया। वहीं दर्जी और सुदामा माली जो पूर्व जन्म में सग्रीव थे, उन्होंने कान्हा का स्वागत किया तथा कन्हैया ने कुबजा की वक्रता को दूर किया। इस दौरान कुबलिया पिण्ड पागल हाथी द्वारा कन्हैया पर हमला करने पर एक मुस्तिका से उसका वध कर मल के मैदान में प्रवेश किया। जहां चाणुर व मुस्तिक मारे गए और कृष्ण ने कंस का भी वध कर दिया। तत्पश्चात श्री कृष्ण ने कारागार से देवकी वसुदेव को मुक्त कराया, जहां से उन्हें संदीपनी आश्रम में ज्ञानार्जन के लिए भेजा गया। जहां उनकी सुदामा से मित्रता हो गई और संदीपनी ऋषि को गुरू दीक्षा के रूप में गुरूमाता के रूप में प्रभाश क्षेत्र में मारे गए पुत्र को जीवन प्रदान किया और भगवान मथुरा के अधिपति बन गए।

इस दौरान श्री कृष्ण ने उद्यव के ज्ञान के अहंकार को विदिर्ण करने के लिए उन्हें अपना संदेश देकर गोकुल भेजा। जहां गो ग्वाल अपने बालसखा की प्रतिक्षा कर रहे थे। वहां पहुंचकर उद्यम ने जब नन्द बाबा का ग्रह पूछा तो गोकुल वासियों ने कहा कि अश्रुओं की धार से बह रहे नाले के साथ जाने पर उनके ग्रह पहुंच जाएंगे। इस दौरान भ्रमर गीत के माध्यम से गोपियों ने अपने आराध्य के प्रति भाव प्रकट किए, तब उद्यम ने उन्हें लाख समझाने की कोशिश की तो गोपियों ने कहा कि उधो मन नाही दस बीस बताया तो उद्यव के ज्ञान का अहंकार खत्म हो गया और वे छह माह तक गोकुल में रहे।

जहां से मथुरा जाने पर श्री कृष्ण ने उन्हें कहा कि उनका मन तो आज भी गोकुल में ही हैं। युवा संत ने कहा कि भगवान मथुरा से द्वारिका पधार गए, जो मोक्ष दायिनी सप्तपुरियों में से एक हैं।

इस दौरान जरासंध से युद्ध के बीच मैदान छोड़कर जाने पर श्री कृष्ण रणछौर कहलाएं। जब द्वारिकाधीश ग्यारस वर्ष गोकुल और चौदह वर्ष मथुरा रहने के बाद पच्चीस वर्ष के हुए तो विवाह की तैयारियां होने लगी, तब विदर्भ राज की कन्या रूकमणी का विवाह शिशुपाल से करना तय हो गया था, लेकिन रूकमणी तो मन ही मन श्री कृष्ण को वर चुकी थी, तब उन्होंने संदेश वाहक के साथ अपने भाव प्रकट किए, तो द्वारकाधिश भी रूकमणी विवाह करने के लिए निकल पड़े। इस बीच शिशुपाल की 100 गलतियों के बाद उसका वध कर रूकमणी का अपहरण कर द्वारिका ले गए, जहां ठाठ बाठ से कृष्ण रूकमणी का विवाह हुआ।

इस प्रसंग का विस्तार करते हुए जब युवा संत ने अपने ही अंदाम में बन्नो मारो द्वारिका नाथ बन्नी तो मारी रूकमण लाड़ली भजन की प्रस्तुति दी तो समूचा वातावरण वृद्धावन का विवाह मंडप बन गया, तभी कथा मंडप में भगवान श्री कृष्ण के बारात की झांकी व रूकमणी के विवाह का दृश्य हजारों दर्शकों के लिए आनंदित करने वाला हो गया।

प्रारंभ में वेदपीठ की ओर से पदाधिकारियों ने व्यासपीठ की पूजा की। वहीं छठे दिवस के कथा विश्राम पर जगदीश, सतीश, ओमप्रकाश न्याती, यशवन्त लावटी, सतीश समदानी, अशोक राठी, रमेश नुवाल, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, चौथमल कोठारी, किशन दशोरा, जगदीश नुवाल, श्याम काबरा, ओमप्रकाश बांगड़, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा, माहेश्वरी सभा , माहेश्वरी युथ सोसायटी, सुशील मोदी, लायनेस तेजस्वनी क्लब, आचार्य तुलसी ब्लड फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने महाआरती की।

कथा महोत्सव के दौरान तृतीय दिन ठाकुर श्री कल्लाजी का पंचदेवों सहित नित नया मन भावन श्रृंगार कल्याण भक्तों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं।

कथा के अंतिम दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भागवत कथा प्रसंग में युवा संत दिग्विजयराम द्वारा सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर संवाद, यदुवंश को श्राप, श्री कृष्ण का स्वधाम गमन एवं परिक्षित मोक्ष के साथ बसंतोत्सव मनाया जाएगा।

# मौताणे की मांग पर संबंधित उद्योग धैर्य रखकर करें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सहयोगः एसपी

### मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह का सम्मान





**भीलवाड़ा (पुकार)।** औद्योगिक विकास से न केवल समाज में आर्थिक उन्नति होती है वरन अपराध भी कम होते है। क्योंकि उद्योग रोजगार के अवसर प्रदान करते है, व्यक्ति को अपने भरण-पोषण का सम्बल मिलता है तो वह अपराध की ओर नही जाता है। इसलिए प्रशासन भी यही चाहता है कि औद्योगिक उन्नति हो एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो। यह बात जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से शुक्रवार सायं आयोजित सम्मान समारोह एवं आपसी सम्पर्क वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भीलवाडा में औद्योगिक शांति के लिए हमने उचित रूप से पेट्रोलिंग व्यवस्था प्रारम्भ की है एवं इससे उद्योगों में आत्म विश्वास भी बढा है।

पुलिस प्रशासन बहुत सारे कार्यो का निष्पादन पर्दे के पीछे करता है क्योंकि हमारा उद्देश्य अपराध होने के बाद कार्यवाही के बजाय अपराध को होने से ही रोकना है।

उद्योगों से यह भी अपेक्षा है कि जिस तरह से उन्होंने अपने संसाधन अन्य कार्य क्षेत्रों में उदाहरण के तौर पर प्रदूषण नियंत्रण में लगाये है, उसी तरह से कुछ संसाधन अपने उद्योगों में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली विकसित करने में भी लगाये। सीसीटीवी, जीपीएस, अलार्म जैसे आधुनिक संसाधनों को अपने उद्योगों में सुरक्षा हेतु स्थापित करे। श्रमिक की असामयिक मृत्यु पर मौताणे की मांग के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित उद्योग को केवल अपना उद्योग चालू रखने की भावना के स्थान पर थोडा धैर्य रखकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सहयोग एवं विचार विमर्श करते हुए प्रकरण में उचित कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मेवाड चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आरसी लोढा एवं मानद महासचिव आरके जैन ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

पूर्वाध्यक्ष जेके बागडोदिया, जीसी जैन, प्रोसेस हाउस एसोसिएशन की ओर से सचिन राठी, अनिल कंदोई, संजय मुरारका, एसएल पानगडिया, क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन केपी आर तोतला, न्यू क्लोथ मार्केट के गौतम जैन, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के आशीष मंडोवरा, टेक्सटाइल एजेंट एसोसिएशन के कैलाश प्रहलादका, आईसीएसआई के रुचिर नाहर, सीए एसोसिएशन केएस पी झंवर, सुदिवा स्पिनर्स के निर्मल काबरा, नितिन स्पिनर्स से केएल पारीक, आरसीएम के राजेन्द्र सिंह भाटी, आरएसडब्ल्यूएम के पंकज खण्डेलवाल, लोकेन्द्र, सोना ग्रुप के एएस राणावत सहित विभिन्न एसोसियेशन एवं उद्योग समूह की ओर से पुष्प गुच्छ से जिला पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री में करंट लगने से श्रमिक की मौत



**भीलवाड़ा (पुकार)।** रीको में स्थित एक निर्माणाधीन फैक्ट्री में चुनाई का कार्य करते समय करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई।

श्रमिक फैक्ट्री में कटर मशीन पर कार्य कर रहा था। इस दौरान मशीन के खुले वायर के टच होने और करंट लगने से इस श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ने बताया कि कारोई थाना क्षेत्र के कोचरिया निवासी हीरा लाल कुमावत पिता भंवर लाल कुमावत (38) पेशे से चुनाई का कार्य करता था। शुक्रवार को वो थाना क्षेत्र के रीको में एसबीआई बैंक के पीछे एक निर्माणाधीन फैक्ट्री में चुनाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान शुक्रवार शाम को गीले फर्श पर कटर मशीन के खुले वायर की चपेट मी आने से उसे अचानक करंट लगा। करंट की चपेट में आने से हीरालाल बेहोंश हो गया। वहां मौजूद अन्य श्रमिक साथियों ने उसे तुरंत इलाज के लिए नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। रात होने शव का पोस्टमार्टम नही हो सका इसलिए शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में सुरक्षित रखवाया गया। प्रतापनगर थाना पुलिस ने आज जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फतहनगर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष जूली का किया स्वागत



**फतहनगर (पुकार)।** नगर के मैन चौराहा स्थित द्वारकाधीश मंदिर के बाहर फतहनगर मंडल,यूथ कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक पुष्करलाल डांगी,प्रधान नरेंद्र चंडालिया, जिला अध्यक्ष रौनक गर्ग, मंडल अध्यक्ष धर्मेश चपलोत,कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रवि खटीक, पार्षद नारायण मोर, मनोहर लाल त्रिपाठी, सुनील मुंदड़ा, हमीदा बानो, नरेश जाट, मनीष पालीवाल, शिवलाल शर्मा, रतन खटीक, विनोद यादव, भगवतसिंह राठौड़, बंशीलाल कुमावत, रतन कुमावत, इब्राहिम मंसूरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष गोकल भील, वरदीशंकर बुनकर, हेमंत गोयल, ओमप्रकाश बारबर,ओम प्रकाश प्रजापत, नितेश पुरी गोस्वामी, नितेश खटीक, वैभव मारोठिया, निर्मल पाराशर, राधेश्याम कुमावत, राजकुमार खंडेलवाल, गोपाल सोनी, मदन प्रजापत, विकास लावटी, रतन जाट, देवीलाल जाट, प्रभुलाल गाडरी,गोपाल जाट, शिवम कृष्णावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फरवरी के अंत तक खेरवाड़ा में 4जी का एक और टावर होगा स्थापित : मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**खेरवाड़ा (पुकार)।** कस्बा वासियों को उच्च स्तरीय नेटवर्क सुविधा देने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा कस्बे में फरवरी माह के अंत तक एक और 4जी टावर स्थापित कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र वासियों को बेहतर मोबाइल नेटवर्क सुविधा मिलने लगेगी। जिला दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य पारस जैन एवं कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी कैलाश चंद्र मेघवाल ने बताया कि खेरवाड़ा दूरसंचार क्षेत्र में वर्तमान समय में चार 4जी टावर खेरवाड़ा, ऋषभदेव, कारछा व दैमत में कार्यरत हैं तथा पांचवा 4जी टावर फरवरी माह के अंत तक कस्बे के निचला खेरवाड़ा क्षेत्र में स्थापित करने की पूर्ण सम्भावना है जिससे क्षेत्र वासियों को नेटवर्क कनेक्टिविटी में आ रही समस्या का समाधान हो जाएगा। वर्तमान में बीएसएनएल द्वारा पुराने लैंडलाइन फोन कटवा चुके उपभोक्ताओं के लिए एफटीटीएच, फाइबर टू द होम योजना भी जारी है जिसके तहत आवेदन पर पुराने उपभोक्ताओं को फोन कनेक्शन प्रारंभ कर दिए जाएंगे तथा उसके साथ इंटरनेट प्लान के साथ में 500 से ज्यादा टीवी चैनल की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की जाएगी । यह सुविधा क्षेत्र के खेरवाड़ा, ऋषभदेव, बावलवाड़ा छानी व पाटिया कस्बे में उपलब्ध कराई जा रही है । वर्तमान समय में इस योजना के तहत क्षेत्र के खेरवाड़ा कस्बे में 150 व ऋषभदेव में 55 कनेक्शन कार्यरत हैं।

### सीएमएचओ परमार द्वारा सेमारी सीएचसी का निरीक्षण

**सेमारी।** सलूम्बर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.महेन्द्र कुमार परमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमारी का निरीक्षण कर सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग में चलाई जा रही निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी सम्बंधित अधिकारी से प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं से भी बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही बीपीएचयू भवन निर्माण के लिए सीएचसी परिसर में जमीन निर्धारित की। सलूम्बर सीएमएचओ डॉ.परमार का पहली बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमारी पर आने पर डॉ. निखार जैन चिअ, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी शांतिलाल मीणा, नर्सिंग अधिकारी पार्वती मीणा, बाबूलाल अहारी, सुमन ननोमा सहित स्टाफ द्वारा माल्यार्पण व पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। निरीक्षण के समय सेमारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कलाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष डूंगरलाल पटेल, ईश्वर लाल परमार, राकेश मीणा उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने सेमारी सीएचसी पर मोर्चरी निर्माण की मांग की, जिस पर सीएमएचओ डॉ. परमार ने शीघ्र मोर्चरी निर्माण का आश्वासन दिया।

# भूमि पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ की तैयारियां शुरू

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ चार दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजनकर्ताओं के अनुसार आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन किया गया। आगामी 5 से 8 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मंगल कलश और शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा सेंती-पंचवटी स्थित गायत्री शक्तिपीठ के हनुमान मंदिर से आरंभ होगी, जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई महाराणा प्रताप सेतु मार्ग पुलिया के समीप इनाणी सिटी सेंटर पहुंच सम्पन्न होगी। आयोजन के तहत शहरी क्षेत्र में घर-घर पहुंच आयोजकों द्वारा पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। प्रबंधक ट्रस्टी रमेशचंद्र पुरोहित ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के तहत पांच फरवरी को सवेरे 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन संध्या में सात बजे से संगीत प्रवचन होगा। 6 फरवरी को सवेरे 6 बजे ध्यान साधना और प्रज्ञा योगा होगा।

8 बजे देव पूजन और 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आरंभ होगा। दोपहर दो बजे कार्यकर्ता गोष्ठी और सांय 6 बजे संगीत प्रवचन होगा। इसी तरह सात फरवरी सवेरे 6 बजे ध्यान साधना, प्रज्ञा योग और 8 बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार नामकरण, विवाह समेत अन्य संस्कार आयोजन निःशुल्क कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 8 फरवरी को सवेरे 6 बजे से ध्यान साधना और प्रज्ञा योग , 8 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार की पूर्णाहुति एवं विभिन्न संस्कार की पूर्णाहुति होगी। माताजी की जन्म शताब्दी के न्यूनतम संकल्प साधना, ज्ञान घट, अंशदान, समय दान का संकल्प और विदाई आयोजन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

आयोजको के अनुसार,108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 108 जोड़े भाग लेंगे, वहीं बिना जोड़े के भी इस महायज्ञ में भाग ले सकेंगे। महायज्ञ में धोती कुर्ता पुरूष के लिए वहीं माता बहनें पीले वस्त्र में आवश्यक रूप से रहेंगे। विश्व शांति एवं राष्ट्र जागरण के लिए 108 कुडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के लिए भूमि पूजन

इधर, शनिवार को 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन समारोह पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन खरडेश्वर महादेव मंदिर के सामने हुआ। मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभान सिह आक्या ने भूमि पूजन किया। पूर्व सभापति सुशील शर्मा ने सपत्नीक यज्ञ मे भाग लिया। इससे पूर्व आक्या का स्वागत गायत्री शक्ति पीठ के प्रबंधक ट्रस्टी रमेश चंद्र पुरोहित ने किया।

भूमि पूजन का मुख्य समारोह संपन्न करवाने के लिए हमीरगढ़ के मुख्य ट्रस्टी एवं गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य के शिष्य केदार वैष्णव मौजूद थे। मंच संचालन जगदीश जोशी एवं गायत्री धाकड़ ने किया। भूमि पुजन समारोह में 24 तीर्थो का जल,रज स्थापित किया गया। तीर्थो से जल रज लेकर आने वालों का सम्मान किया गया।

गो माता-बछड़े का पूजन कर धरती माता को संस्कारित किया गया। 108 कुडीय गायत्री महायज्ञ का मुख्य समारोह के लिए ध्वजारोहण कर औपचारिक रूप से अतिथियों ने शुभारंभ किया।

## आकोला में महात्मा गाँधी विद्यालय में सरस्वती मंदिर को लेकर कलश यात्रा निकाली

**आकोला (पुकार)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आकोला में सरस्वती मां मंदिर की सोमवार को स्थापना होगी।

स्थापना को लेकर बैंड बाजा डिजे के साथ रथ पर सरस्वती मां की मूर्ति के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। पंडित दिनेश कुमार दाधीच द्वारा सरस्वती माँ मूर्ति की पूजा अर्चना कर रथ पर बिठाया गया, कलश यात्रा मुख्य बस स्टैंड से प्रारंभ हुई नीम चौक, अखाड़ा चौक, मालियोंका मंदिर एवं मुख्य मार्गो से होते हुए गंतव्य स्थान पर यात्रा सम्पन्न हुई। श्रीनामदेव समाज संघ आम मेवाड़ चौखला कमेटी आकोला क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश चंद्र दिलोदरा (छीपा) द्वारा विद्यालय में सरस्वती मां के मंदिर की स्थापना सोमवार होगी।

इस मौके पर सुरेश चंद्र छीपा, भेरू लाल छीपा, शंकर साहू, पंकज टेलर, भगवती लाल, विमल, मनीष, मुकेश, रामलाल खटीक, पुरण लौहार सहित विद्यालय स्टाफ प्रधानाचार्य रामकेश माली, ओमप्रकाश खटीक, परमवीर सिंह सोलंकी, प्रियंका भट्ट, ज्योति सोनी, तारा वैष्णव, हरलाल रावत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## 60 भगवा रंग की साइकिल वितरित



**बांसवाड़ा (पुकार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरथून में कक्षा नवमी में अध्ययनरत बालिकाओं को भगवा रंग की साईकिल सरपंच राजेन्द्र कुमार चरपोटा के मुख्य आतिथ्य में,वार्ड पंच लाल सिंह, हरदू भाई के विशिष्ठ आतिथ्य ओर संस्था प्रधान अरुण व्यास की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में साईकिल वितरित की गई।

समारोह में साईकिल प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं के प्रफुल्लित चेहरों को सादे आवेदन पत्र पर अभिभावक के हस्ताक्षर के बाद कुम कुम तिलक,माल्यार्पण के बाद साईकिल प्रदान की गई।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करने वालों में भेरूलाल डोडियार,खुशपाल कटारा, दयाशंकर चरपोटा, मयूर पड़ियार, मुकेश पटेल, जीवन लाल निनामा, बदन लाल डामोर, अनूप मेहता ,कपिल वर्मा, पर्वत सिंह, हरिशंकर ,मानसिंह, श्रीमति रैना निनामा, हितेष कुमार निनामा, दिलीप मीणा, श्रीमति प्रज्ञा अधिकारी, प्रभुलाल खराड़ी,शिव शंकर ,नासिर अली अंसारी व्याख्याता रसायन ने सम्बोधित किया। समारोह खुशपाल कटारा, ने संचालित किया और आभार प्रदर्शन श्रीमति प्रज्ञा अधिकारी ने ज्ञापित किया।

# तीन दिन पूर्व हुई हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग डिटेन



**खेरवाड़ा (पुकार)।** पहाड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया व एक नाबालिग को डिटेन किया है। थाना पहाडा में प्रार्थी टिकम डामोर पुत्र ईश्वर लाल निवासी घाटी, पहाड़ा ने रिपोर्ट में बताया कि 28 जनवरी को उसके भाई की हत्या का प्रकरण दर्ज कराया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए थानाधिकारी पहाडा के नेतृव में गठित टीम ने एकत्र सूचनाओं के आधार पर आरोपी विक्रम पुत्र नारायण डिण्डोर निवासी घाटी, डामोर फला को डिटेन कर पूछताछ की, जिसमें उसने रंजिश के चलते हत्या करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसी मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को डिटेन किया है।

प्रकरणानुसार प्रार्थी टीकम ने पहाड़ा थाने में दी रिपोर्ट में बताया था कि 28 जनवरी को वह उसके भाई भाई दिलखुश के साथ शाम करीब 6 बजे वह उसके भाई दिलखुश गांव घाटी दुकान पर जा रहे थे। तभी पुरानी स्कूल घाटी के पास पहले से घात लगा कर बैठे विक्रम पुत्र नारायण लाल डिण्डोर निवासी घाटी व उसके एक अन्य साथी ने मिलकर आगे चल रहे उसके भाई दिलखुश पर चाकू से वार कर दिए। उसने व वहां रोड पर खड़े शंकर लाल पुत्र धनजी सोलवीया, बहिन पुष्पा जो उस समय खेत से बकरियां चराकर आ रही थी तीनो ने मिलकर बीच-बचाव किया लेकिन विक्रम व उसके साथी ने उसके भाई के शरीर पर चाकू से वार कर से गम्भीर रूप से घायल कर दिया और हिरो होंडा स्पलेण्डर मोटरसाईकिल नम्बर RJ27 AD 9737 लेकर मौके से भाग गये।

इसके बाद भाई को खेरवाड़ा सीएचसी से डूंगरपुर रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उम्मेदीलाल थानाधिकारी, कालुलाल सउनि, हैड कांस्टेबल अजीत सिंह एवं मोतीसिंह, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, महेश कुमार, जीवत राम, मुकेश कुमार, थानेश्वर, कल्याणप्रसाद, भगवानाराम शामिल रहे।

## बजट विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला हैः जीनगर

**कपासन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है।विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने बजट पर कहा कि यह कल्याणकारी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्टअप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि से परिपूर्ण है। बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का रोडमैप दर्शाता है। इसमें गरीब कल्याण, किसान का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है। यह बजट ग्रामीण विकास और किसान की जिंदगी बदलेगा। साथ ही स्वर्णिम भारत के निर्माण में महती भूमिका निभाएगा।

# केन्द्रीय बजट 2025 में मिडिल क्लास को टैक्स स्लैब में राहत

## ● 12 लाख तक इनकम पर 60 हजार का फायदा ● 12.75 लाख तक की आय वाले को नहीं देना होगा आयकर ● सत्तापक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बताए थोथे वादे

**उम्मीदों से विपरीत निराशाजनक बजट**

केन्द्र सरकार के बजट से इस बार निम्न, मध्यम वर्ग को बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम लोगों को निराश किया है। बजट में पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने की उम्मीद थी, लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हो पाई। सरकार अगर इस पर ध्यान देती तो महंगाई पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता था। बजट में निम्न और मध्यम वर्ग के लिए सरकार ने कोई पहल नहीं की है।



अशोक टांक, सभापति नगर परिषद राजसमंद

केंद्रीय बजट में 12 लाख टैक्स फ्री किया वह तो ठीक है लेकिन आमजन के साथ गरीब, किसान एवं युवाओं के लिए कुछ विशेष नहीं है, जिससे जनता को राहत मिल सके। सरकार रोजाना खाने-पीने और इंसान के अंतिम संस्कार में उपयोग में आने वाली सामग्री को तो टैक्स मुक्त करना था।



लक्ष्मण चारभुजा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

### बजट प्रतिक्रियां

ये बजट देश की आर्थिक प्रगति, किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।



महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद सांसद

वित्तमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सर्वजनहिताय की भावना को साकार करता है और विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बजट में महिला, मजदूर, गरीब, किसान, युवा, व्यापारी और मध्यमवर्गीय परिवारों के कल्याण का विशेष ध्यान रखा गया है। आयकर में दी गई राहत मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, जबकि कृषिए उद्योगए निवेश और निर्यात के लिए उठाए गए कदम देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।



दीप्ति माहेश्वरी विधायक, राजसमंद

केंद्रीय बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की सीमा को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने के ऐतिहासिक निर्णय किसानों के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करता है।



नर्बदा शंकर पालीवाल जिला मीडिया संयोजक भाजपा

पूरा देश महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है, जिन राज्यों में चुनाव आने वाले हैं, बजट में उनके नाम सबसे ज्यादा लिए गए। कुल मिलाकर बजट से ज्यादा चुनाव वाले प्रदेश को साधन का काम किया है।



पप्पू लाल कीर, यूथ विंग प्रदेश संयुक्त सचिव व जिला मीडिया प्रभारी आप पार्टी

इस बजट में युवाओं एवं महिला सशक्तिकरण के लिए कुछ नहीं है। किसानों की आय दोगुना करने के लिए कोई रोड़मेप नहीं है कृषि के सामान पर जीएसटी दर में कोई रियायत नहीं दिया गया। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, गरीब और अल्पसंख्यक बच्चों के स्वास्थ, शिक्षा, स्कॉलरशिप की कोई योजना नहीं है । गरीब की आय को बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया है। कुल मिलाकर इस बजट से मोदी सरकार द्वारा लोगों की आँखों में धूल झोंकने का प्रयास है।



हरिसिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी राजसमंद

बजट में शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इससे देश के नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से जन स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, वहीं मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र को और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने से युवा उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे। यह बजट भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।



रतनीदेवी चौधरी, जिला प्रमुख राजसमंद

सर्वोन्मुखी भाव से प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट यह दर्शाता है कि भारत अब विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है। भारत जिस दिशा में बढ़ रहा है उसको विश्वगुरु बनने से कोई नही रोक सकता, ये बजट भारत के सपनो का बजट है



जगदीश पालीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

हर क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए समर्पित क्रांतिकारी बजट है जो देश के हर नागरिक के सपने को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। महिलाओं को दो करोड़ तक टर्म लोन, महिलाओं को ऑनलाइन प्रशिक्षण स्वागत योग्य कदम है। यह इक्कीसवीं सदी में एक नई राह दिखाने वाला आत्मनिर्भर बजट है।



एडवोकेट विशाखा तिवारी

टैक्स स्लैब में दी गई छूट आमजन के लिए बड़ी राहत है। बजट में बुनियादी ढांचे, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग के लिए किए गए प्रावधान राजस्थान सहित पूरे देश के विकास को गति देंगे। यह बजट आर्थिक मजबूती और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।



सीए दिनेशचन्द्र सनाढ्य, एमसीएम सदस्य

इस बजट से विकास दर और रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में कटौती महामारी के सबक को नजर अंदाज किया है। शिक्षा में निवेश कम करने से मानव संसाधन विकास पर असर होगा। कृषि बजट में कटौती से किसानों और ग्रामीण गरीबों को बड़ा झटका लगेगा। यह मनरेगा जैसी योजनाओं की फंडिंग को प्रभावित कर सकता है, जिससे ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ सकती है।



कुलदीप शर्मा, कांग्रेस जिला प्रवक्ता

12 लाख रुपये तक की आय पर किसी पर प्रकार कोई टेक्स नहीं लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा है। नोकरी करने वालों की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करना सरकार का अच्छा कदम है।



अरविंद सिंह भाटी, एरिया मैनेजर, चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी

**बजट आशा के अनुरूप नहीं**

बजट आशा के अनुरूप नहीं है। मध्यम वर्ग की आय बढ़े उसके लिए बजट में कुछ नहीं है। राजस्थान के लिए कोई विशेष योजना नहीं तथा गृहणियों के लिए के लिए कोई फायदा नहीं, कुल मिलाकर बजट आम जनता को भ्रम में रखने वाला एवं निराशाजनक है। बजट में केवल मात्र झुनझुना दिया है, देश के किसानों, युवावर्ग एवं छोट व्यपारी वर्ग के लिए कुछ नहीं दिया है। बैरोजगार युवा घोषणा का इंतजार कर रहें थे लेकिन उन्हें केवल निराशा ही हाथ लगी।



परसराम पोरवाड़, कांग्रेस एससी जिलाध्यक्ष

केंद्र सरकार का ये बजट मिडिल क्लास को मजबूती देने वाला है, 12 लाख आय तक कोई टैक्स नहीं देना, एक लाख मासिक कमाने वाला वाला भी टैक्स से मुक्त होना सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। दूरदर्शी सोच पारदर्शिता पूर्ण, ये नया भारत विकास की तरफबढ़ता भारत



गौतम शर्मा, बीमा सलाहकार

राजसमंद (पुकार)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को अपना लगातार 8वां व मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश किया। टोटल 50.65 लाख करोड़ के पेश किए गए बजट में नौकरी पेशा के लिए 12.75 लाख तक की आय टैक्स फ्री कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधने का काम किया है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रूपये तक की कमाई पर कोई टेक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेश लोगों के लिए 75 हजार के स्टेंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रूपये हो जाएगी। न्यू टेक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। बजट में सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का रास्ता खोला। कैंसर और कुछ जरूरी दवाओं के दाम भी घटेंगे। केन्द्र सरकार की ओर से पेश किए बजट को सत्तापक्ष के लोगों ने सराहना की तो विपक्ष के लोगों ने इसे थाथे वादे बताएं। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक सुरेन्द्रसिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, हरिसिंह रावत, विश्वराजसिह मेवाड़, जिला प्रमुख रतनी देवी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल, मीडिया प्रभारी अरविंदसिह भाटी, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट सहित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

## पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ

■ 11000 से अधिक महिलाओं ने धारण किए कलश





राजसमंद(पुकार)। अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज संस्थान मातृकुंडिया के तत्वाधान में पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार को मातृकुंडिया में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। त्रिवेणी कलश यात्रा में गंगापुर, राशमी और कपासन मार्ग से 11000 से अधिक महिलाओं ने मांगलिक गीत और डीजे की धुन के साथ कलश लेकर यज्ञशाला और मंदिर की तरफ पदार्पण किया जिसके साथ हजारों पुरुषों की उपस्थिति ने मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में महाकुंभ का आभास दिया। कलश यात्रा के बाद मेवाड़ जाट समाज के सानिध्य में सार्वजनिक सभा भी आयोजित की गई, जिसमें समाज के अध्यक्ष माधव लाल चौधरी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, विधायक हाकम अली, विधायक पुष्कर डांगी, विधायक प्रत्याशी बद्रीलाल जाट, राजेंद्र त्रिवेदी, चित्तौड़गढ़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल जाट, प्रधान गंगरार रविंद्रसिंह चारण, चित्तौड़गढ़ भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, पूर्व विधायक डॉ बीआर चौधरी, राजसमंद जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, उदयपुर जिलाध्यक्ष ओंकार वालिया, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष मिठ्ठलाल जाट, महामंत्री अरविंद चौधरी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों और सामाजिक पदाधिकारी ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष डोटासरा ने जाट समाज को सदैव से सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला और उनके दुख-दर्द में खड़ा रहने वाला बताते हुए एक बार पुनः सर्व समावेश को प्रगति के लिए आज की आवश्यकता बताया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से समाज को महत्व के लिए आगे आने की बात कही। पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने मेवाड़ के जाट अग्रजो को याद करते हुए एक बार पुनः सामाजिक जागृति को शैक्षिक माध्यम से उत्पन्न करने का आह्वान किया। इससे पूर्व संस्थान अध्यक्ष माधव लाल चौधरी ने पधारे अतिथियों का स्वागत किया। संचालन महामंत्री अरविंद चौधरी और सोहनलाल चौधरी चोगवडी ने किया। धन्यवाद शंकरलाल जाट छापरी ने ज्ञापित किया।

## तेली समाज के श्री बद्रीविशाल मन्दीर पर ध्वजारोहण एवं कलश स्थापना सम्पन्न



राजसमंद (पुकार)। चार चौखला समस्त घाणीवाल तेली समाज की ओर से मातृकुण्डिया स्थित श्री बद्रीविषाल मन्दीर पर ध्वजारोहण एवं कलश स्थापना का पंचदिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समाज के महासंगम में हजारो की संख्या में तेली समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रातः कलश स्थापना हुई, उसके उपरान्त सुरजकुण्ड वाले अवधेशानन्द महाराज का समाज ने स्वागत किया। उसके बाद सभी समाजजन ने समाज अध्यक्षों का भी स्वागत किया। इस दौरान चार चौखला समस्त घाणीवाल तेली समाज अध्यक्ष लालाराम पंचोली, संरक्षक बंशीलाल बुढ़, उपाध्यक्ष बंशीलाल पंचोली, कांकरोली अध्यक्ष रजनीकान्त मेहराणिया, गणेश मेहराणिया, ओमप्रकाश मेहराणिया, बाबुलाल जुनीवाल, सतीश मेहराणिया, गोपाल मेहराणिया, कमलेश मेहराणिया, कमलकान्त मेहराणिया, पवन मेहराणिया, नरेश पंडियार, जितेन्द्र मेहराणिया, सुमीत मेहराणिया, अशोक पंचोली, मुकेश मेहराणिया, नाथुलाल, हरीश, दुर्गा कुण्ड कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण हाड़ा, प्रकाश गुलाणिया, गणेश गुलाणिया, श्यामलाल वलिण्डिया, भंवरलाल पंचोली, बंशीलाल अडिरिया, बाबुलाल पंचोली, युवा अध्यक्ष ख्यालीलाल बन्दवाल, राजकुमार हाड़ा सहित समाजजन उपस्थित थे।

## देसूरी की नाल के विकास को मिलेगी गति, डीपीआर शीघ्र होगी तैयार : सांसद मेवाड़

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री से हुई भेंट

● सड़क निर्माण, एलिवेटेड रोड, धरोहर संरक्षण सहित कई विषयों पर हुई चर्चा



राजसमंद (पुकार)। मेवाड़ और मारवाड़ को जोड़ने वाली देसूरी की नाल के दिन जल्द बदलने वाले हैं। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य जल्द पूरा होगा, जिसके बाद डीपीआर अनुसार निर्माण कार्य शुरू होंगे जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को सुरक्षित, दुर्घटना मुक्त और सुगम यात्रा का लाभ मिल सकेंगा। सांसद मेवाड़ लंबे अरसे से देसूरी की नाल के सुधार के लिए प्रयासरत थी। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर देसूरी की नाल संबंधित विकराल जन समस्या से अवगत कराया था। इसे पश्चात सांसद ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान भी देसूरी की नाल की समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग उठाई थी। शनिवार को उनकी भेंट केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से हुई, इस दौरान पुनः देसूरी की नाल के विषय पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 ई के सम्बन्ध में खामियों को दूर करने के साथ-साथ देसूरी की नाल में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने एवं देसूरी की नाल में टनल, एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर बनाने के लिए स्वीकृति सम्बन्धित विभाग को देना अवगत कराया।

## हाईटेक नर्सरी और वेदर स्टेशन का उद्घाटन



राजसमंद (पुकार)। जलवायु अनिश्चिता के कारण खेती में होन वाले नुकसान या फिर मानसिक तनाव को इस पहल से काफी हद तक कम किया जा सकेंगा। किसानो की दक्षतातो बढ़ेगी ही साथ में नर्सरी से उन्नत किस्म के पौधे भी मिल पाएंगे। यह विचार उद्यान खंड के सयुंक्त निदेशक डॉ रविन्द्र कुमार वर्मा ने व्यक्त किए। डॉ रविन्द्र शनिवार को गिर्वा उपखंड के बछार गांव में हाइटेक नर्सरी व वेदर स्टेशन के उद्घाटन पर महिला किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होन कहा कि बदलते हुए जलवाय परिर्वतन में खेती में नये-नये नवाचार और तकनीकी को बढ़ावा देना बहुत आवश्यक है ताकि उन्नत कृषि के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सकें। उन्होंने बताया कि राज्य व भारत सरकार किसानों की आय को दुगुना करने के लिए विभिन्न स्तर और मंजरी फाउडेंशन के द्वारा विभिन्न प्रकार के नवाचार किए जा रहे है जिन से किसान के मन में मौसम व जलवायु की अनिश्चिता काफी कम हुई है। आस्था हस्ता ट्रस्ट बैंगलुरू के सहयोग से मंजरी फाउण्डेशन द्वारा गिर्वा ब्लॉक के गांव बछार में एक हाईटेक नर्सरी लगायी गई है। इस नर्सरी में प्रतिवर्ष 5 लाख पौधे तैयार किए जाएंगे, जिससे किसानों को उसके सेंपलिंग पौधे उपलब्ध करवाएंगे ताकि किसानों को समय मौसमी सब्जीयों की पौध आसानी से उपलब्ध हो सकें।

**वेदर स्टेशन प्रदान करेगा मौसम की जानकारी**

किसानों को मौसम की अग्रीम जानकारी के लिए गांव बछार व अलसीगढ़ में वेदर स्टेशन लगाए गए है, जिसके माध्यम से किसानों की मौसम की अग्रिम जानकारी भी उपलब्ध हो पाएंगी। एप के माध्यम से आने वाले सात दिनों में बरसात, तुफान, तापमान आदि की जानकार भी उपलब्ध होगी ताकि उसी अनुरूप किसान अपनी फसल का ध्यान रख पाएंगे। मंजरी फाउडेंशन के डायरेक्टर नरेश नैन ने बताया कि आस्था हस्ता ट्रस्ट बैंगलुरू के सहयोग से मंजरी फाउण्डेशन के द्वारा इस परियोजना के तहत गांव में किसानों के समूहों का गठन किया गया है। उन्नत कृषि के लिए प्रषिक्षण भी दिए गए। साथ ही दूसरे जलों में जहां इस प्रकार के कार्य हो रहें है, एक्सपोजर विजीट के माध्यम से भी जानकारी प्रदान की गई है ताकि किसान दूसरे किसानों के साथ मिलकर जो नई तकनीक अपनाई जा रहीं है सीखें और उसके बाद अपने खेतों में लागू करें। साथ ही किसानो को कृषि उपकरण भी प्रदान किए गए ताकि महिला किसानों को शारिरिक श्रम कम लगें और उत्पादन ज्यादा हो इस दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। मंजरी फाउण्डेशन ने आस्था हस्ता ट्रस्ट के सहयोग से गिर्वा ब्लॉक के 2000 किसानों के साथ परियोजना की शुरूआत की गई जिसमे उन्नत बीज दिया गया। 730 किसानों को हल्दी का बीज दिया गया व 1000 किसानों को सब्जी उत्पादन के लिए हाईटेक नर्सरी के माध्यम से सिडलींग प्रदान की जाएगी। इस नर्सरी में प्रत्येक वर्ष 5 लाख पौध तैयार कर किसानों को वितरित कर उनकी आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### संक्षिप्त समाचार

## नई कर व्यवस्था का शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने किया स्वागत

राजसमंद(पुकार)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में नई कर व्यवस्था 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आय को कर से मुक्त किया गया, जिसमे लाखो कर्मचारियों को इससे राहत मिलेगी। इस कर व्यवस्था की मांग लम्बे समय से लंबित थी। इस मांग को लेकर शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने समय-समय पर सरकार के सामने मांग रखी थी जिससे इस बजट में पूरी की गई। इस फैसले से शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी, जिलामंत्री सुजीत त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण, संगठन मंत्री शंकर माली एवं शिक्षक नेता ऋषिकेश गुर्जर, तिलकेश त्रिपाठी, गणेश कुमावत, किशन खत्री, खुशहाल वैष्णव, उदयलाल, विनोद आचार्य, केशर सिंह, विक्रमसिंह, कालूसिंह, विष्णु विश्नोई, राजेशसिंह राठौड़, जयराम गहलोत, किशन गुर्जर, दिनेश पालीवाल, रामचंद्र सेन, जगदीश बागोरा, पाबूराम देवासी, लक्ष्मी नारायण, शांता सालवी, मधु पालीवाल, वीणा वैष्णव सहित जिलेभर के शिक्षको ने सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर का 25वां पाटोत्सव आज

राजसमंद (पुकार)। शहर के संतोषी नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में रविवार बसंत पंचमी को 25वां पाटोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर की व्यवस्थापिका सूर्यप्रभा पालीवाल ने बताया कि इस अवसर पर बालाजी को विशेष श्रृंगार धारण कराया जाएगा। साथ ही शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की रस्म पूरी की जाएगी। वहीं सायंकाल 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक एवं कवि नरेंद्रसिंह रावल सोनियाणा एंड पार्टी द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के समापन के बाद महाआरती होगी एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर बालाजी मित्र मंडल के सदस्य पार्थ, मीत, रक्षित, रोहित, आशीष, जयेश, आयुष, सन्नी, प्रारब्ध, कार्तिक, हर्ष, गर्वित, जय, जयेश आदि व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

## श्री द्वारकाधीश मंदिर में आज से होंगे शयन के दर्शन

राजसमंद(पुकार)। जिला मुख्यालय स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के द्वारकाधीश मंदिर में रविवार बसंत पंचमी से बसंतोत्सव का शुभारंभ होगा। साथ ही शयन के दर्शन भी शुरू हो जाएंगे। कार्यालय अधीक्षक राजकुमार गोरवा ने बताया कि बसंतोत्सव के दौरान मंदिर में विशेष सजावट की जाएगी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बसंत उत्सव फाल्गुन पूर्णिमा तक पूरे चालीस दिन तक चलेगा। इस दौरान कीर्तन की सेवा में होली के रस रंग परिपूर्ण पदों का गायन होगा। वहीं बसंत पंचमी के अवसर पर श्रृंगार में प्रभु श्री के मस्तक पर सफेद कुल्है, सोने का आभरण, वनमाला का श्रृंगार, ठाडा वस्त्र लाल रेशमी, कटि का पटका लाल, सफेद साटन चाकदार वागा लाल मगजी वाला धारण कराया गया। राजभोग के दर्शन करीब प्रातः11:20 बजे खुलेंगे और प्रभु को बसंत रखाई जाएगी। इसके बाद शयन के दर्शन खुलेंगे।

## भाणा में विकास कार्यो के लिए पौने तीन करोड़ की स्वीकृति पर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों में हर्ष

राजसमंद(पुकार)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भाणा गांव में शुक्रवार शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की हुई बैठक में विधायक दीप्ति माहेश्वरी की ओर से भाणा ग्राम पंचायत क्षेत्र में जन सुविधाओं में विस्तार एवं विकास कार्यो के लिए पौने तीन करोड़ रूपए स्वीकृत कराने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक ने यह सौगात देकर ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार करने का काम किया है। इस अवसर पर उप सरपंच रामलाल लौहार ने बताया कि विधायक के प्रयासों से हाल ही डीएमएफ्टी योजना में पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत भाणा, लवाणा व भगवान्दा कला में पहले से चल रही पेयजल योजना के विस्तार कार्य के लिए एक करोड़ बीस लाख रूपए स्वीकृत कराए है। इसमें विभिन्न कार्य शामिल किए गए है। इससे योजना का विस्तार होकर वंचित स्थानों पर पानी पहुंच सकेगा वहीं मौजूदा जलापूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ बनेगी। इससे ग्रामवासियों को योजना का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह विधायक ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय भाणा में कमरों के लिए 15 लाख रूपए, भाणा मुख्य सड़क से लवाणा चावंडा माता मंदिर तक डामरीकरण एवं भाणा स्टेडियम होते हुए मादड़ा बाइपास तक डामरीकरण के लिए 70-70 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। बैठक में भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक श्यामलाल कुमावत, भाजपा युवा मोर्चा के किशन कुमावत, पंसस सुरेश कुमावत आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक ने भाणा पंचायत के विकास के प्रति सदेव सजगता एवं तत्परता से कार्य किया है जो हर्ष का विषय है। इय दौरान उप सरपंच रामलाल लौहार, भाजपा बूथ अध्यक्ष रमेश पालीवाल, नाथूलाल कुमावत लवाणा, शंकर कुमावत भगवान्दा कला, शंकर भील वांसोल, जमनाशंकर वागड़ोला, कैलाश कुमावत सहित कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियसों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार जताया।

## सूर्य नमस्कार का हुआ पुर्वाभ्यास

राजसमंद (पुकार)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राबाउमावि पीपली आचार्यान में प्रधानाचार्य कमलेश गुर्जर के नेतृत्व में विद्यार्थियों को नियमित



सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार के लिए पूर्वाभ्यास कराया जा रहा हैं। वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान तुलसीराम सालवी ने बताया कि योग प्रशिक्षक रतनलाल रेगर ने शनिवार को छात्राओं को सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी का सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार बारह योगासनों का एक मिश्रित स्वरूप है, जो ना सिर्फ आपकी बॉडी को फिट बनाए रखता है, बल्कि इसकी नियमित प्रैक्टिस से आपका मस्तिष्क भी शांत और एक्टिव रहता है। इस दौरान अध्यापिका शारदा रेगर, मोनिका वैष्णव, दुर्गा कुमावत, शीला कीर सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राउमावि बिजनोल वार्षिकोत्सव का आयोजन

राजसमंद (पुकार)। जिले के राउमावि बिजनोल में वार्षिकोत्सव शनिवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि किशनसिंह चुंडावत, विशिष्ट अतिथि प्रदीप



काबरा एवं घनश्याम काबरा थे। जबकि अध्यक्षता सरपंच योगेंद्र गुर्जर ने की। प्राचार्य मनोज मानव ने विद्यालय विकास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन नव पदोन्नत में प्राचार्य श्याम सुंदर झंवर ने किया। वर्षभर लिखवाया सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः राहुल, दुर्गेश एवं मीरा तथा जूनियर वर्ग में सुमित, शुभम एवं गोविंद को क्रमशः 1100, 500 एवं 250 रूपये नगद पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार पोर्टेबल बिल्डर भावा के डायरेक्टर राहुल राघव खण्डेलवाल की तरफ से दिए गए। अगले वर्ष विजेताओं को लैपटाप देने की घोषणा की। आत्मरक्षा प्रशिक्षण की 16 छात्राएं, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की 31 छात्राएं, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के नौ शिक्षक, पूर्व 31 छात्र तथा गत वर्षों के उत्कृष्ट 9 छात्रों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन गिरिराज जोशी, प्रियंका अवस्थी एवं भरत कुमार शर्मा ने किया। आभार व्याख्याता नारायण लाल गाडरी ने ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमाता की सेवा ही भगवान की सेवा है: दक

मंत्री दक ने किया गो कृष्णमूर्ति का अनावरण

**चिकारड़ा (पुकार)।** कस्बे में स्थित श्री महावीर गोपाल गोशाला में कृष्णमूर्ति अनावरण के अवसर पर मंत्री दक ने कहा कि गो माता की सेवा ही भगवान सेवा है। गो कृपा से विकास के सभी मार्ग अपने आप खुलते हैं। जिस जिस ने गोमाता की सेवा की है उनकी दरिद्रता दूर हुई है। यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने गो कृष्ण की मूर्ति के अनावरण के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्य के बारे में भी चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा चिकारड़ा की समस्याओं को भी सामने रखा। जिसको पूर्ण रूप से पूरा करने का वादा किया। इससे पूर्व गोशाला संचालक मंडल द्वारा मंत्री दक के गोशाला पहुंचने पर मेवाड़ी परंपरा के अनुसार पगड़ी साफा ऊपरना पहना कर स्वागत किया। इसके साथ ही सांवलिया जी पूर्व सरपंच जानकी दास तथा मंगलवाड़ मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गाडरी का भी स्वागत किया। इस मौके पर गोशाला अध्यक्ष शोभागमल छाजेड़, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व सरपंच राधेश्याम सोनी, मदनलाल खंडेलवाल, नानालाल सुथार, रामेश्वरलाल खंडेलवाल, सुशील कोठारी, जगदीश चंद्र सोनी, कैलाश खण्डेलवाल, कन्हैयालाल खंडेलवाल,बद्रीलाल खंडेलवाल, विष्णु खंडेलवाल, ओमप्रकाश खण्डेलवाल मौजूद थे।

### एलईडी निर्माण की दी तकनीकी जानकारी

**धरियावद (पुकार)।** पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धरियावद में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत विशेष व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के 210 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए एल ई डी असेंबलिंग की व्यावहारिक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से सीखा। छात्रों ने स्वयं एलईडी जोड़ने, उसकी वायरिंग करने और कार्य शीलता की जांच करने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यशाला में गोविंद गुरु विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. मानव अधिकारी ने विद्यार्थियों को एलईडी निर्माण की तकनीक, असेंबलिंग और व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधानाचार्या अलका वैष्णव द्वारा किया गया। पीएम श्री गतिविधियों के प्रभारी सुरेंद्र झा ने भी विचार रखे। प्रो. मानव अधिकारी ने छात्रों को एलईडी निर्माण की वैज्ञानिक पद्धति, इसके ऊर्जा दक्षता संबंधी लाभ और आधुनिक तकनीकी विकास में इसकी महत्ता पर जानकारी दी। इस दौरान यशस्वी सिंह सिसोदिया ने भी कार्यशाला में विशेष सहयोग दिया। कार्यशाला का आयोजन ज्ञानी जनसेवा संस्थान बांसवाड़ा के तत्वावधान में किया गया। जो शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का निर्देशन विजेंद्र टेलर, रेणुका गांधी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक स्टाफ रेखा सुथार, रमेश चंद्र मेघवाल, विनोद कुमार, भानू प्रताप सिंह मौजूद थे।

### आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

**निम्बाहेड़ा (पुकार)।** एल.के. सिंघानिया पब्लिक स्कूल निम्बाहेड़ा में 31 जनवरी को नवनिर्मित बहुउद्देशीय (एमपीएच) हॉल में कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या निधि शर्मा मुख्य अतिथि और उप-प्रधानाचार्य एच.एम. प्रधान विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा कक्षा 12 वीं के छात्रों के पारंपरिक स्वागत से हुई, जहां उन्हें तिलक लगाकर और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ मंच तक पहंचाया गया। इसके बाद, मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके बाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या शर्मा ने छात्रों को विद्यालय से अपने गहरे संबंध बनाए रखने की सीख दी और याद दिलाया कि शिक्षक और माता पिता हमेशा उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अटूट आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति दी, जिसमें उनके खुशी और पुरानी यादों का सुंदर समावेश था। इसके पश्चात, छात्र परिषद की नेता डॉली पलोद ने अपनी भावनाओं को सांझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे विद्यालय में प्रवेश लेने के बाद से यह सफर उनके लिए एक अनमोल स्मृति बन गया। कार्यक्रम में हास्य और यादों का रंग घोलते हुए, कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने एक रोचक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय के सुनहरे दिनों को दोबारा जीवंत किया गया। अंत में, कक्षा 11 वीं की यशस्वी पटवा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### खंडेलवाल ब्राह्मण समाज की आम सभा आज

**कपासन (पुकार)।** खण्डेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की आमसभा रविवार को दोपहर 12 बजे खण्डेलवाल आश्रम शनिमहाराज (आली) में होगी। प्रचार-प्रसार मंत्री सत्यनारायण खण्डेलवाल ने बताया कि खण्डेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की आमसभा रविवार दोपहर 12 बजे खण्डेलवाल आश्रम शनिमहाराज (आली) में होगी। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा करेंगे।

### राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधि से संघर्षरत बालक, देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक एवं विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी वाले शिशु बालक-बालिका उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सचिव ने राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह में बालकों से वार्तालाप कर वहां की व्यवस्थाओं एवं दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। खाना, साफ-सफाई, पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जो उचित पाई गई। सचिव द्वारा विधि से संघर्षरत बालकों को जमानत आवेदन लगवाने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रकाश जीनगर अधीक्षक राजकीय किशोर सम्प्रेक्षण गृह, अरूणा कंवर एवं लोकेश सिंह आर्य सदस्य राजकीय किशोर सम्प्रेक्षण गृह एवं सम्प्रेक्षण गृह के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनवरी माह में चलाये अभियान में 1.30 करोड़ रूपये के मादक पदार्थ जब्त, 65 जनें गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक माह से चलाए जा रहे अभियान के तहत उदयपुर पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि 3 जनवरी से 31 जनवरी तक अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाडा और खेरवाड़ा अंजना सुखवाल के निर्देश में चलाए गए अभियान में जिले के सभी थानाधिकारियों व स्पेशल टीम ने अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 58 प्रकरण दर्ज कर 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही करीब 113 किलो गांजा, 303 ग्राम एमडीएमए, 1.27 किलो अफीम, 275 किलो डोडा चूरा, 31 ग्राम कोडिन, 1.207 किलो चरस व 42 ग्राम ब्राउनशुगर जब्त की गई जिनकी बाजार में कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए है। इसके अलावा मादक पदार्थो में अनुसंधानाधिन प्रकरणों मय 173(8) सीआरपीसी में वांछित 2 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया व मादक पदार्थो में स्थाई वांरटी/335 बीएनएसएस/उद्घोषित/गिरफ्तारी वांरट में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा मादक पदार्थो में तस्करी की तैयारी (धारा 30 एनडीपीएस एक्ट) में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### 'श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तत्वबोध से भरा है: साध्वी अर्पणा'

**गंगरार (पुकार)।** ग्राम सुवानिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा भक्ति और ज्ञान से परिपूर्ण रहा। सुवानिया सरपंच गोपाल गाडरी ने बताया कि सुवानिया ग्रामवासीयों द्वारा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शामगढ़ की कथा वाचक साध्वी अर्पणा मेनारिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम परिवार वाराणसी द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। अर्पणा मेनारिया ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का रसपान कराया। बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तत्वबोध से भरा हुआ है। इस महापुराण के महात्म्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें तीन मुख्य संवाद, नारद और भक्ति संवाद, सनत कुमार और नारद संवाद व गोकर्ण और धुंधकारी संवाद के माध्यम से इसकी महिमा का वर्णन किया गया। कथा के दौरान अर्पणा ने भागवत की मंगलाचरण की चर्चा की। उन्होंने श्रोताओं को भगवान के 24 अवतारों की कथा भी सुनाई।

## जयपुर बर्ड फेस्टिवल में दिखे रंग बिरंगे परिंदें ....













**जयपुर।** शहर के समीपस्थ कानोता कैंप में शनिवार को आयोजित हुए जयपुर बर्ड फेस्टिवल के दौरान बड़ी संख्या में पक्षी प्रजातियों को देखा गया।

इस मौके पर उदयपुर के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर डॉ. कमलेश शर्मा ने रंग बिरंगे इन पक्षियों को क्लिक किया।

सभी फोटो - डॉ. कमलेश शर्मा, उदयपुर।

# बर्ड फेस्टिवल में नौनिहालों ने देखा परिंदों का रंगीन संसार

## ग्रीन पीपल सोसाइटी ने आयोजित किया परिंदों का मेला, बर्ड्स एंड वेटलैंडस कार्यशाला में परिंदों और वेटलैंड्स संरक्षण पर हुआ मंथन

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में हो रहे बर्ड फेस्टिवल की श्रृंखला में पहली बार ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर (जयपुर चैप्टर) द्वारा शनिवार को जामडोली के समीप कानोता केम्प में जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आयोजन किया गया। इस बर्ड फेस्टिवल में 500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने परिंदों की रंगीन दुनिया को निहारा और इसके संरक्षण विषय पर जानकारी संकलित की। इस आयोजन में देशभर से पक्षी प्रेमी और विशेषज्ञों ने पहुंच कर इस महत्वपूर्ण विषय पर परिंदों के संरक्षण पर प्रतिबद्धता जताई।

वन विभाग, पर्यटन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित होने वाले इस बर्ड फेस्टिवल में पक्षियों पर आधारित प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं, तितलियों और मॉथ की लाइफ सायकल के डेमो का भी प्रदर्शन किया गया।

**पक्षियों की अटखेलियां निहारी, टेटू बनवाए :** फेस्टिवल संयोजक रिटायर्ड आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल के तहत कानोता केम्प के पार्श्व भाग में स्थित जलाशय पर बर्ड वॉचिंग की भी व्यवस्था की गई। यहां पक्षी विशेषज्ञ वीरेंद्र सिंह बेडसा, प्रदीप जोशी तथा वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को बायनोकूलर व स्पॉटिंग स्कोप की मदद से पक्षी दर्शन कराया तथा पक्षियों की जानकारी भी दी। पानी में अटखेलियां करते पक्षियों को देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वहीं आयोजन स्थल पर बच्चों ने प्राकृतिक रंगों से पक्षियों के टेटू भी अपने चेहरे और हाथों पर मुद्रित कराए। विद्यार्थियों को विद्यार्थी किट, अल्पाहार, पक्षी पहचान पुस्तिका, कार्डबोर्ड नेस्ट, डीआईवाय किट व टोपी का वितरण किया गया।





**परिंदों की प्रदर्शनी के प्रति दिखा उत्साह :** आयोजन स्थल पर पक्षियों से संबंधित फोटोग्राफी एवं पक्षियों से संबंधित डाक टिकट प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में उदयपुर के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर डॉ.कमलेश शर्मा के पक्षियों पर आधारित फोटोग्राफ्स व डब्ल्यू डब्ल्यूएफ की रेप्टर्स की प्रदर्शनी के साथ-साथ उदयपुर की डाक टिकट संग्रहकर्त्ता पुष्पा खमेसरा का विश्व के 354 से अधिक देशों पर जारी पक्षियों के डाक टिकट का संग्रह विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

**तितलियों के जीवनचक्र को लाइव देखा :** प्रदेश के ख्यातनाम तितली विशेषज्ञ मुकेश पंवार ने मेले में पहुंचे विद्यार्थियों, अतिथियों,पक्षी प्रेमियों और पर्यावरण प्रेमियों को तितलियों के जीवन चक्र का लाइव डेमो दिया। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा कस्बे के तितली विशेषज्ञ पंवार द्वारा तितलियों व मोथ के जीवनचक्र के फोटोग्राफ्स के साथ होस्ट प्लांट पर अण्डे, लार्वा व प्यूपा का लाईव प्रदर्शन किया गया तथा तितलियों के जीवनचक्र के बारे में जानकारी दी।

**स्पर्धाओं में दिखाया उत्साह :** फेस्टिवल के तहत सीनियर और जूनियर ग्रुप में पेटिंग व क्वीज स्पर्धा भी हुई। इसमें आसपास के विद्यालयों से पहुंचे बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने कूची और रंग से पक्षियों के सुंदर संसार को ड्राईंग शीट पर उकेरा। वहीं क्वीज स्पर्धा में पक्षी और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

**वेटलैंडस और बर्ड्स कार्यशाला में हुआ मंथन :** बर्ड फेस्टिवल में आयोजित कार्यशाला में गुजरात के वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक व रिटायर्ड आईएएस रणजीत सिंह, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के चीफ रवि सिंह, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के असद रहमानी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी, पूर्व डीजीपी अजित सिंह आदि ने राजस्थान में वेटलैंड्स और बर्ड्स की वर्तमान स्थितियों की जानकारी देते हुए संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। वक्ताओं ने बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजनों के साथ जनजागरूकता गतिविधियों को जरूरी बताया और विलुप्ति के कगार पर जा रही पक्षी प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों की तारीफ की। कार्यशाला में डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के साहित्य का विमोचन भी किया गया। स्वागत उद्बोधन राहुल भटनागर ने दिया। कार्यशाला का संचालन डॉ. सतीश शर्मा ने किया, आभार प्रदर्शन की रस्म विक्रम सिंह ने अदा की। इस अवसर पर बीएनएचएस के पक्षी विज्ञानी रजत भार्गव,आंनदों बनर्जी, ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष व एनटीसीए मेंबर राहुल भटनागर, राजपाल सिंह, मनोज कुलश्रेष्ठ, वीएस राणा,सोहेल मजबूर, प्रतापसिंह चूंडावत, इंद्रजीत माथुर, शरद सक्सेना, डीएफओ संग्राम सिंह कटियार व विजयपाल सिंह, विपिन शर्मा, बहादुरसिंह सहित देश-प्रदेश के बर्ड वॉचर, पक्षी विशेषज्ञ, पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**दिया विशेष प्रशिक्षण :** फेस्टिवल के तहत प्रशिक्षक, स्कूल शिक्षक, गैर सरकारी संगठनों को सशक्त बनाने के लिए उनके प्रशिक्षण हेतु एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं पर बेंगलुरु स्थित विशेष संगठन अली बर्ड द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**आज फील्ड विजिट का रहेगा आकर्षण :** बर्ड फेस्टिवल संयोजक विक्रम सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर लगभग 25-30 प्रतिनिधियों को फील्ड विजिट करवाई जाएगी। इसके तहत जयपुर के पास बरखेड़ा-चंदलाई-मुहाना, सांभर साल्ट लेक, केएनपी भरतपुर ताल छापर चूरू आदि स्थलों का भ्रमण कराना प्रस्तावित है।

## एक करोड़ 32 लाख रूपये का मुआवजा पारित

**चित्तौड़गढ़।** मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण प्रतापगढ़ की अदालत ने फास्ट ट्रेक कोर्ट की तर्ज पर सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों तथा घायलों के पक्ष में सुनवाई पूर्ण कर ब्याज सहित एक करोड़ 32 लाख का मुआवजा पारित किया गया। प्रकरणानुसार, निम्बाहेड़ा निवासी भगवती देवी लड्ढा अपने पुत्र प्रदीप लड्ढा एवं चालक पुखराज के साथ 6 अप्रेल, 2024 को निम्बाहेड़ा से बनाकिया बावजी दर्शन करने जा रहे थे। जालमपुरा ब्रिज के पास वन-वे पर विपरीत दिशा से आ रही एक टीयूवी के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे प्रदीप लड्ढा की मौके पर मृत्यु हो गई और भगवती देवी व चालक पुखराज के गंभीर चोटें आई। मृतक प्रदीप के परिजनों एवं घायलों द्वारा अधिवक्ता के जरिए क्लेम याचिका प्रस्तुत की गई। विपक्षी बीमा कंपनी द्वारा मृतक के कार चालक की गलती से दुर्घटना होने बताया। न्यायाधीश चक्रवर्ती महेचा ने मामले की सुनवाई करते हुए उभय पक्षों की बहस सुनने के बाद आदेश में बीमा कंपनी की दलीलों को खारिज कर दिया। दस्तावेज साक्ष्य से दुर्घटना होना प्रमाणित व वाहन चालक की गलती मानते हुए न्यायालय ने कानूनी प्रावधानों का विवेचन करते हुए माना कि प्रदीप लड्ढा आय अर्जन करते थे। न्यायालय से उनकी मृत्यु फलस्वरूप उसके परिजनों को एक करोड़ 8 लाख 15 हजार 756 एवं घायल भगवती लड्ढा को 8 लाख 61 हजार 100, घायल पुखराज को 11 लाख 31 हजार 34 रुपए मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के दिलाए जाने का आदेश पारित किया है।

## चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**प्रतापगढ़ (पुकार)।** थानाधिकारी प्रतापगढ दीपक बंजारा की टीम ने सूने मकान से बर्तन चोरी करने की आरोपी महिला आईना को गिरफ्तार किया है। 29 जनवरीर को प्रार्थी श्यामलाल आंजना निवासी गंधेर ने रिपोर्ट पेश की कि प्रार्थी व उसके परिवारजन खेत पर कार्य करने गए थे। पीछे से अज्ञात चोर ने मकान के ताले तोड़कर पीतल व तांबे के बर्तन चुरा लिए। इस पर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। मुखबीर से सूचना मिली कि कचरा बिनने वाली एक महिला व उसके साथ एक लड़का बांसवाडा रोड़ की तरफ बर्तन लेकर घुम रहे है। सूचना पर निमाणाधीन महिला थाने के पीछे एक महिला बर्तन लेकर घुम रही थी। जिससें पूछताछ की तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। महिला का नाम पूछा तो उसने अपना नाम आईना पत्नी ओमसिंह बेलपारदी निवासी रूपावली थाना वायडी नगर मंदसौर बताया। महिला को डिटेन कर पूछताछ की गई तो आईना ने गंधेर गांव में एक सूने मकान से बर्तन चोरी करना स्वीकार किया। इस पर आईना को गिरफतार कर माल बरामद किया गया। फरार चल रहे ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार ईनामी अपराधी व प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के क्रम में थानाधिकारी हथुनिया इन्द्रजीत परमार ने मय जाप्ते एनडीपीएस एक्ट में फरार 3000 रुपए के ईनामी आरोपी राजेन्द्र सिंह पिता केसर सिंह राजपूत निवासी रठांजना को गिरफ्तार किया है।

## अमृता हाट मेले में दूसरे दिन 4 लाख 35 हजार रुपए की बिक्री

**प्रतापगढ़ (पुकार)।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मोहनलाल सुखाड़िया स्टेडियम में गुरुवार से शुरू हुए अमृता हाट मेले के प्रति आमजन में उत्साह है तथा सायं बाद भी आमजन की बड़ी संख्या में आवक बनी हुई है।

मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को कुल 4 लाख 35 हजार रुपए की बिक्री हुई। लक्की ड्रॉ के माध्यम से प्रथम तीन विजेताओं को इनाम दिया जाएगा।

सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग नेहा माथुर ने बताया कि अमृता हाट मेले में विभाग द्वारा ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी उपहार रखे गए है, जिसमे किसी भी एक दुकान से 1000 रुपए से ज्यादा की खरीददारी करने पर एक लक्की ड्रॉ के माध्यम से प्रथम तीन लक्की विजेताओं को 2 फरवरी को इनाम दिया जाएगा।

इसी तरह से जिस दुकान की सबसे ज्यादा बिक्री होने पर उस समूह की महिला को भी 3 फरवरी को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार को सायं 5 बजे बाद सांस्कृतिक संध्या होगी। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग ने बताया कि मेले में आर्कषण के रूप में बांसवाड़ा के तीर कमान, कोटा की कोटा डोरिया, राजसमंद के इत्र एवं गुलाब व सौंफ के अर्क, सवाई माधोपुर की लाक की चूड़ियां, जोधपुर की मोजड़ी, जयपुर की कशीदाकारी, सांगानेरी एवं बगरू प्रिंट की कुर्तिया, जरदोजी के हस्तनिर्मित उत्पाद, लंहगा गोटा पत्ती, प्रतापगढ़ के महिला स्वयं सहायता समूहों के महुआ के लड्डु, हर्बल गुलाल, अचार मसाला आदि मेले के मुख्य आर्कषण है। मेला 3 फरवरी तक प्रातः 10 से रात्रि 10 बजे तक रहेगा।

## आज 39 हजार 261 परीक्षार्थी देंगे आरएएस परीक्षा

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से उदयपुर के 121 केन्द्रों पर रविवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक आरएएस परीक्षा होगी। राजकीय परीक्षा केन्द्रों पर 12,573 और निजी संस्थान स्थित केन्द्रों पर 26,688 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अतिरिक्त कलक्टर दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए 41 उपसमन्वयक, 200 पर्यवेक्षक एवं अभिजागर की नियुक्ति कर दी गई हैं। गोपनीय सामग्री संग्रहण के लिए स्ट्रोंग रूम, कोषालय उदयपुर पर है।

परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा भी स्थापित है। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार का मोबाइल गैजेट्स परीक्षा केन्द्र के भीतर अनुमत नहीं है। बिना एडमिट कार्ड के अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा विशेषज्ञ संजय लूणावत ने बताया कि ई-एडमिट कार्ड, पासपोर्ट साइज का नवीनतम स्पष्ट रंगीन फोटो, नीली स्याही का पारदर्शी बॉल पेन, स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र, दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, वचन पत्र, श्रुतलेखक की शैक्षणिक योग्यता, वचन पत्र के अतिरिक्त अन्य किसी सामग्री को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की गहन सुरक्षा जांच की जाएगी। अतः परीक्षार्थी लाख कांच की पतली चूड़ियों के अलावा अन्य कोई जेवरात पहनकर नहीं आवें।

परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा, ताबीज, केप हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सर्दी के मौसम के मद्देनजर साधारण गर्म कपडें एवं शूज पहनकर परीक्षा में बैठने के लिए अनुमत किया जाता है।

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)**
■ कॉर्पोरेट कार्यालय : 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई-400 051, महाराष्ट्र
■ पंजीकृत कार्यालय : कॉमरझोन आयटी पार्क, टॉवर बी, पहिला मजला, क्र. 111,, माऊंट पूनामल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई-600 116, तामीलनाडू

**अचल संपत्ति के लिए कब्जा नोटिस (परिशिष्ट रवत) नियम 8 (1))**

**जबकि** अधोहस्ताक्षरी **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** (पूर्व में *फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड*) का **प्राधिकृत अधिकारी है**, जो एक हाऊसिंग फाइनेंस कंपनी है (राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ पंजीकृत (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली)) (इसके बाद में **'एसएमएचएफसी'** के रुप में जाना जाता है) वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) ते तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) ते तहत नीचे उल्लेखित दिनांकित डिमांड नोटिस में आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लेखित नाम) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लेखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से **60 दिनों के भीतर** चुकाने का आवाहन किया गया है। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे है, इसलिए नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है। अधिनियम की धारा 13 की धारा(4) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढी जाए। उपर उल्लेखित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लेखित राशि और उस पर ब्याज के लिए **'एसएमएचएफसी'** के शुल्क के अधीन होगा।

| अ. क्र. | उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का वितरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना दिनांक एवं मूल्य | कब्जा की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| १. | **कर्ज खाते क्र. 602738010982365** 1. अनिता अशोक चनल, अशोक चनल की पत्नी 2. रवी हरिजन अशोक हरिजन के पुत्र | क्वार्टर नं. 113, पुरोहित की माद्री, आकाशवाणी के सामने, ता. गिरवा, उदयपुर, राजस्थान-313 003 पर स्थित आवासीय संपत्ति। **परिसीमित क्षेत्र** - 33.00 वर्गफुट ✦ **संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं** - ▪ **उत्तर** : क्वार्टर नं. 110; ▪ **दक्षिण** : 9 मीटर रास्ता; ▪ **पूर्व** : क्वार्टर 114; ▪ **पश्चिम** : क्वार्टर नं. 112 | दिनांक : **16.10.2024** ब्याज सहित **09.10.2024** तक रु. **20,38,752/-** (रु. बीस लाख अड़तीस हजार सात सौ बावन मात्र) | **30.01.2025** |

हस्ता./
**ठिकाण** : उदयपुर, राजस्थान
**दिनांक** : 30.01.2025
**प्राधिकृत अधिकारी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
*(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)*

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)
■ **कॉर्पोरेट ऑफ.** : 503 और 504, 5वी मंजिल, जी ब्लॉक, इस्पायर बीकेसी, केबीसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400 051, महाराष्ट्र
■ **रजि. ऑफ.** : कॉमरोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नं. 111, माऊंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई-600 116, तामीलनाडू

**अचल सम्पतियों के विक्रय के लिए बिक्री सूचना**

**प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्ति(यों) के विक्रय के लिए 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना**
यहां जनसामान्य तो एवं विशेष रुप से ऋणधारक(कों) व जमानतदार(कों) सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध अचल सम्पत्तियों (सुरक्षित आस्तियों) सुरक्षित लेनदेन के बंधन प्रभार में है, का कब्जा **एसएमएफजी इंडिया होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** (पूर्व में *फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड*) (बाद में **एसएमएचएफसी** के रुप में संदर्भित) **(सुरक्षित लेनदार)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को **''जो है जहां है '', ''जो है जैसा है '',** तथा **''वहां जो भी है ''** के आधार पर वहां निम्नलिखित ऋणधारक(कों) व जमानतदार(रों) से सुरक्षित लेनदेन **एसएमएचएफसी** की यहां नीचे उल्लेखित बकाया और वसुली की तिथि तक इस पर आगामी ब्याज व अन्य खर्चों की वसुली के लिए नीचे उल्लेखित तिथि व समय पर बिक्रय किया जाएगा।

| अ. क्र. | ऋणधारक(कों) जमानतदार(रों) के नाम एलएएन | सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | ई-नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी जमा करने की तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **कर्ज खाते क्र. 602707510272270 और 602707210258711** 1. निर्मल शर्मा, मोहन लाल शर्मा के पुत्र 2. ममता देवी सुथार, निर्मल शर्मा की पत्नी 3. मे. श्री सांवरिया इंटरप्राइजेज, प्रोप्रा. निर्मल शर्मा द्वारा | ग्राम पंचायत, नंदवेल, पंचायत समिति - मावली, खसरा नं. 820, जिला उदयपुर, राजस्थान की सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से ✦**सीमाएँ** :- • **उत्तर** : सार्वजनिक रास्ता; • **पूर्व** : सोहल लाल जी सुथार का घर; • **दक्षिण** : सार्वजनिक रास्ता; • **पश्चिम** : सुंदर लाल जी सुथार का घर। | **8,70,000/-** / **87,000/-** | दि. **18.02.2025** प्रातः 11.00 से दोपहर 01.00 बजे | **17.02.2025** |

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्ते नीचे दी गई हैं और विवरण हमारे / सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट पर निम्नलिखित लिंक / वेबसाईट पते **(https://disposalhub.com** और **https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf)** पर भी उपलब्ध कराए गए हैं। इच्छुक बोलीदाता यहां भी संपर्क कर सकते है, **श्री जावेद अहमद खान,** प्राधिकृत अधिकारी का नाम, इनके मोबाईल नंबर **8005968270** पर ई-मेल आईडी **Javed.Khan10@grihashakti.com** और **श्री. निलोय डे,** इसके मोबाईल नंबर **9920697801**-ई-मेल **Niloy.Dey@grihashakti.com.**

हस्ता./
**स्थान** : जोधपुर, राजस्थान
**दिनांक** : 01.02.2025
प्राधिकृत अधिकारी, **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
***(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)***

# खाद्य प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर-डॉ. सोनी


डूंगरपुर। जिले के मोदपुर गांव में प्रक्षेत्र दिवस पर फूलगोभी का परीक्षण करते कृषि वैज्ञानिक ।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** कृषि विज्ञान केंद्र, डूंगरपुर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) अंतर्गत समूह प्रथम पंक्ति प्रदर्शन सरसों फसल पर पं.स.साबला के गांव मोदपुर में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर डॉ.आर.एल.सोनी ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि सरसों राजस्थान की प्रमुख तिलहन फसल है, परंतु किसानों को सरसों को उन्नत बीज व खेती की नवीन तकनीकी के अभाव में उत्पादन काफी कम मिलता है। डॉ. सोनी ने किसानों से आह्वान किया कि जिले के कृषक कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से रबी सीजन में तकनीकी जानकारी व सरसों का उन्नत बीज प्राप्त कर वैज्ञानिक तरीके से समय पर सरसों की खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर इसका प्रसंस्करण करें। साथ ही, उद्यानिकी व पशुपालन आधारित समन्वित कृषि प्रणाली अपनावें,जिससे किसान भाईयों को अधिक आय प्राप्त होगी व आत्मनिर्भर बन सकेंगे। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ.सी.एम. बलाई ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड व मृदा नमूना लेने के तकनीकी बताते हुए सरसों फसल में खाद व उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के बारे में जानकारी दी तथा किसानों से आसपास के गांवों में सरसों की नवीन किस्म राधिका की विशेषताओं को देखते हुए बीज के रूप में पड़ोसी गांवों के कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया। डॉ.बलाई ने कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रदर्शन इकाइयों व जनजाति क्षेत्र के कृषकों के लिए टीएसपी योजना की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सरसों के तेल में सर्वाधिक विटामिन और बी कॉम्प्लेक्स पाए जाते हैं,जो कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही संक्रमण को दूर करने में ही सहायक होते हैं। सरसों के तेल में पाए जाने वाला ओमेगा-3 हृदयाघात को रोकता है।सरसों के तेल में पाए जाने वाले ओमेगा-3 व ओमेगा-6 का अनुपात डायबिटीज को रोकता है। सरसों के तेल में सेलेनियम और मैग्नीशियम भी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं, जो कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही सूजन को खत्म करते हैं। मैग्नीशियम अस्थमा की रोकथाम में भी सहायक है। सागवाड़ा के मुकेश तेली के खेत में सरसों प्रदर्शन का निरीक्षण करने के बाद सागवाड़ा में एम.सी.टी. एग्रो इंडस्ट्री का भ्रमण किया, जिसमें श्री मुकेश तेली ने बताया कि एम.सी.टी. एग्रो इन्डस्ट्री में सभी प्रकार के ताजा साबुत मसाले पिसकर व सरसों, मूंगफली व तिल का शुद्ध तेल प्रसंस्करण कर उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर उपलब्ध करवा रहे हैं। डॉ.सोनी ने गांव खांटवाडा में अब्बासी चिखलीवाला का उद्यानिकी व पशुपालन आधारित समन्वित कृषि प्रणाली मॉडल फार्म का भ्रमण किया, जिसमें सब्जी उत्पादन इकाई, मुर्गीपालन, एलिवेटेड शेड में बकरी व मुर्गीपालन इकाई, डेयरी इकाई, वर्मी कम्पोस्ट, अजोला, पौध संरक्षण के जैविक उत्पाद इकाई इत्यादि का निरीक्षण कर सुझाव दिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को अधिकाधिक प्रकरण जरिये राजीनामा निस्तारित करने के दिये निर्देश


डूंगरपुर। प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक में जिले भर के मजिस्ट्रेट चर्चा करते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च 25 की सफलता के लिये अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश डूंगरपुर सुनील कुमार पंचोली की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय एवं तालुका में पदस्थापित समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा न्यायालय अनुसार अब तक राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये चिन्हित किये गये प्रकरण की संख्या, प्री-काउंसलिग मे अब तक सफल रहे प्रकरण की संख्या, धारा 138 एनआईएक्ट के 2 लाख तक की राशि के लंबित मामलों में चिन्हित किये गये प्रकरण, जारी नोटिस एवं उनमें से बाद तामील प्राप्त नोटिस की संख्या के बारे में जानकारी ली। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, चैक अनादरण संबंधी मामलों, पारिवारिक मामलों तलाक को छोडकर में विशेष प्रयास कर माननीय रालसा की भावना के अनुरूप अधिकाधिक प्रकरण जरिये राजीनामा निस्तारित किये जाने के निर्देश प्रदान किये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर ने बताया की लोक अदालत में निस्तारित मामलों में कोई अपील नही होती हैं एवं मामले में दी गई कोर्ट फीस भी पुनःपक्षकारान को लौटा दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय टाऊन के छात्रों ने जानी

**डूंगरपुर(पुकार)।** पीएमश्री महात्मा गांधी विद्यालय टाऊन के कक्षा 11 के छात्रों को हरित विद्यालय भ्रमण हेतु प्रधानाचार्या ने कृषि विज्ञान केंद्र फ लोज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शर्मा ने बताया कि छात्र 11 बजे कृषि विज्ञान केंद्र फलोज पहुँचे जहां पर कृषि अनुसंधान अधिकारी डॉ. सी के बलाई, डॉ बी एल रोत, व कैलाश चंद्र खराड़ी ने बागवानी, बकरीपालन, मुर्गीपालन, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, नर्सरी, बीज मल्टीप्लेक्शन यूनिट की बारीकियों से अवगत करवाया। जिसके बाद अनुसन्धान अधिकारी डॉ. सी.के. बलाई ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कृषि विज्ञान में किस तरह से आगे शैक्षिक व अनुसन्धान के क्षेत्र में अपना भविष्य निर्धारित कर सकते है। खेती के तरीकों ओर उपकरणों व योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण में नीतू माली, चन्द्रशेखर डिंडोर व मोक्षी मेहता का विशेष सहयोग रहा।

### आंतरी राजकीय विद्यालय में डर के सांये शिक्षा ग्रहण कर रहा युवा भविष्य

**ओबरी (पुकार)।** जिला मुख्यालय डूंगरपुर से 22 किमी की दूरी पर स्थित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय आंतरी का भवन जीर्ण शीर्ण स्थिति में है, पूर्व राज्य सरकार द्वारा विद्यालय को क्रमौन्नत कर अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय का दर्जा दे दिया। ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय भवन को अंग्रेजी माध्यम का दर्जा तो मिल गया, पर भवन पुराना होने से हादसे को दावत दे रहा है। वही इस विद्यालय मे आसपास के ग्रामीण इलाकों से बच्चे पढने आते है, वही अभी वर्तमान मे चार सो के लगभग बच्चे अध्ययन कर रहे है। जिनके ऊपर हर समय कमजोर छत गिरने का खतरा बना रहता है। जर्जर भवन मे कभी कभी अचानक ही प्लास्तर उखड उखड कर कक्ष में तथा बरामदे में गिर रहा है तथा सरिये भी बाहर निकल कर लटक रहे है। दो दिन पहले ही भवन के बरामदे में से गुजर रही एक शिक्षिका के सिर के पास गिरने से बड़े हादसे से बाल बाल बची। विद्यालय के संस्थाप्रधान महेश चंद्र सुथार ने बताया कि ये चार कमरे और इस बरामदे का निर्माण वर्ष 2000 में हुआ था। परन्तु वर्तमान में इनकी हालत बहुत खराब अवस्था पहुँच गई है। थोड़े दिनों के अंतराल में प्लास्टर टूट टूटकर गिरता ही रहता है। इस भवन के क्षतिग्रस्त होने और मरम्मत हेतु सूचना संबंधित विभाग को प्रेषित की गई थी परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से विद्यालय भवन दिन ब दिन जर्जर होता जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जल्द से जल्द भवन के रख रखाव कर करने की मांग की।


ओबरी। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय आंतरी के भवन का उखड़ा हुआ प्लास्तर एवं दिखतें सरियें। फोटोंः निलेश दवें

### सीमलवाडा में सामूहिक गंगा उद्यापन कार्यक्रम आयोजित

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** शनिवार को त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज सीमलवाड़ा द्वारा सामूहिक 18 यजमानों का गंगा उद्यापन धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मातुश्री वाटिका में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन शनिवार को आचार्य कपिल व्यासए हर्ष त्रिवेदीए संजय त्रिवेदी ने बताया कि गंगा उद्यापन यजमानों के हाथों वैदिक मंत्रोचार के साथ में गणपति पूजनए नवग्रह पूजनए कलश पूजनए गंगाजल पूजन कराया गया। तत्पश्चात गंगा मैया की महा आरती के साथ में गंगा उद्यापन संपन्न कराया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों द्वारा गंगा मैया के जय जयकारों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बन गया। गंगा मैया का उद्यापन हसमुख सुभद्रा पंडया, अशोक शकुंतला उपाध्याय, रोहित सुमित्रा उपाध्याय, लता उपाध्याय, तरूलता उपाध्याय, इंदिरा पंड्या, शकुंतला पंड्या, जयप्रकाश किरण त्रिवेदी, शकुंतला पंड्या, वसंत लाल दमयंती उपाध्याय, हरिप्रसाद शर्मिला उपाध्याय, नीम पंड्या, आदि द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। रविवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


सीमलवाड़ा। त्रिवेदी ब्राह्मण समाज की ओर से सामूहिक गंगाजल उद्यापन कार्यक्रम में हवन करते हुए यजमान।

### ट्रैफिक हैड कांस्टेबल ने शराब के नशे में कार से भेड़ों को कुचला,

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के शीथल घाटी में एक ट्रैफिक हैड कांस्टेबल ने शराब के नशे में अपनी तेज रफ्तार कार से सड़क पर जा रही भेड़ों को कुचल दिया। हादसे में 12 भेड़ों की मौत हो गई जबकि 13 भेड़ें घायल हो गई । वही घटना के बाद लोगों ने हैड कांस्टेबल की धुनाई भी कर दी हालांकि हैड कांस्टेबल मौके से फरार हो गया। मामले के अनुसार कुछ रेबारी समाज के लोग अपनी भेड़ों को लेकर शिथल घाटी से होकर अपने डेरे की तरफजा रहे थे। इस दौरान धंबोला थाने का ट्रैफिक हैड कांस्टेबल पंकज लबाना तेज रफ्तार में कार लेकर आया। वही सड़क पर जा रही भेड़ों को कुचल दिया। हादसे के बाद कार भी पलट गई। वही हादसे में 12 भेड़ों की मौत हो गई वही जबकि 13 भेड़ें घायल हो गई। वही इस दौरान मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही हैड कांस्टेबल को पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर दी। हालांकि बाद में हैड कांस्टेबल पंकज लबाना मौके से फरार हो गया। वही घटना की सूचना पर डिप्टी राजकुमार राजोराएधंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान और थाना पुलिस भी मौके पर पहुंचे। जहा उन्होंने घटना की जानकारी ली। पुलिस आरोपी हैड कांस्टेबल की कार को जब्त किया। इधर पीडित भेड़ मालिकों ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।


डूंगरपुर। शीथल घाटी पर हादसें के बाद सडक किनारे मृत पडी भेडे।

# चोरों ने मकान को बनाया निशाना

- 08 लाख के गहने और 2 लाख नकदी पर किया हाथ साफ
- कोतवाली थाना क्षैत्र के शिवाजी नगर में वारदात
- 6 मार्च को पीडीत की बेटी की थी शादी
- वारदात के समय परिवार गया हुआ था अपने गांव करौली


डूंगरपुर। चोरी की वारदात के बाद तिजोरी से बिखरा सामान, मुख्यद्धार की टूटी कुण्ड़ी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में शुक्रवार रात एक सूने घर को अपना निशाना बनाया है। चोर घर से 8 लाख के सोने-चांदी के गहने और 2 लाख रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित की बेटी की 6 मार्च को शादी होने वाली है। परिवार किसी काम से अपने गांव गया हुआ था। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार शहर के शिवाजी नगर निवासी महेंद्र यादव की बेटी हिमांशी यादव की शादी 6 मार्च को होनी है। महेंद्र और उसका परिवार किसी काम से शुक्रवार को अपने गांव करौली गया था। रात के समय पीछे से चोरों ने उनके सूने घर को अपना निशाना बनाया। जब पीड़ित परिवार शनिवार सुबह घर लौटा तो घर के ताले टूटे पड़े थे। वहीं घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से बेटी की शादी के लिए बनाए करीब 8 लाख के सोने-चांदी के गहने और 2 लाख रुपए नकद चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राउप्रावि वीडाफला बलवाडा में वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न

## उत्सव बच्चों को उत्साहित कर अभिव्यक्ति में निखार लातें है-भारती


कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंचाल का शॉल ओढाकर सम्मान करतें एवं समारोह में प्रस्तुतियां देतें बालक-बालिकाएं। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय विडाफला बलवाडा में प्रधानाचार्य पीईईओ बलवाड़ा भारती पंचाल के मुख्य आतिथ्य व विशिष्ट अतिथि राउप्रावि प्रधानाध्यापक देवीलाल आमलिया मदाफला संस्था प्रधान तुलसी मीणा की अध्यक्षता में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया।

प्रधानाध्यापक तुलसी मीणा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि ऐसे उत्सव सांस्कृतिक विभिन्न कलाओं में विकास के साथ साथ अभिव्यक्ति में निखार आता है।

मुख्य अतिथि भारती पंचाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उत्सव हमेशा बड़े और बच्चों को उत्साहित करते हैं। वार्षिकोत्सव बच्चों के अंदर की कला को बच्चों के द्वारा कला प्रदर्शित करने का अनूठा मंच प्रदान करने के साथ समुदाय को अपने अपने बच्चों की प्रतिभा देखने का अवसर प्रदान करता है।

विशिष्ट अतिथि देवीलाल आमलिया ने कहां कि विद्यालय एक मंदिर है। मंदिर जितना सुंदर होगा गांव भी इतना ही शिक्षित होगा। हमारा प्रयास रहेगा कि समुदाय की सहभागिता से विद्यालय को हम एक सुंदर मंदिर बनायेंगे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, गीत, कविता प्रस्तुत, वर्ष भर की शैक्षिक सांस्कृतिक कलात्मक प्रतिभा के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# साल 2024 में अपराधों के ग्राफ में 8 प्रतिशत की गिरावट

- डकैती का एक भी मामला दर्ज नहीं
- हत्या-दुष्कर्म में कमीयां तो वही चोरी की वारदातें 17 प्रतिशत बढ़ीं

**डूंगरपुर(पुकार)।** पुलिस ने अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। वर्ष 2024 में जिले में अपराध दर 8 प्रतिशत कम हुई है। पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के अनुसार इस साल डकैती की एक भी वारदात दर्ज नहीं हुई, साथ ही हत्या, रेप और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों में भी गिरावट देखी गई।

चिंता का विषय यह है कि चोरी की वारदातों में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अपराधियों ने खाली घरों और दुकानों को निशाना बनाते हुए रुपए के साथ-साथ कीमती सामान भी चुराया। आंकड़ों के अनुसार 2022 में जिले में 2,439 अपराध दर्ज किए गए थे, जो 2023 में बढ़कर 2,744 हो गए।

### चोरियां बढ़ी तो हत्या और अन्य वारदातें घटी

जिलें में आपराधिक के आंकड़ों पर गौर करें तो चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ है। चोरों ने सूने घर, दुकान और ऑफिसों में वारदातों को अंजाम दिया। इन जगहों से कैश, जेवर और कीमती सामान चुराकर ले गए। कई वारदातों का पुलिस खुलासा करने में कामयाब रही। 2023 में डूंगरपुर में 149 चोरी की वारदातें हुई थी। वहीं 2024 में ये वारदातें बढ़ाकर 178 हो गई। करीब 17 पर्सेंट तक चोरियों में इजाफा हुआ,लेकिन दूसरी ओर डकैती की एक भी वारदात पुलिस ने नहीं होने दी। 2022 और 2023 दोनों साल में डकैती की 3-3 वारदातें हुई थी,लेकिन 2024 में एक भी डकैती नहीं हुई। वहीं मर्डर, हत्या का प्रयास, लूटपाट, अपहरण की वारदातों में कमी आई है। सबसे ज्यादा कमी दुष्कर्म की घटनाओं में देखी गई। 2023 में रेप की 140 घटनाएं हुई थी, जबकि 2024 में ९२ वारदातें दर्ज हुई हैं। वहीं भारतीय दंड संहिता की अलग.अलग क्रिमिनल धाराओं में 2023 में 1 हजार 822 मामलें दर्ज हुए हैं। वहीं 2024 में 1 हजार 722 केस रिकॉर्ड हुए हैं।

### महिला अपराधों के आंकड़ों में भी कमी

महिला अपराध के ग्राफ को देखें तो इसमें भी गिरावट आई है। 2022 में जहां 582 महिला अपराध से जुड़ें मामले दर्ज हुए थे। वहीं 2023 में ये आंकड़ा बढ़कर 719 हो गया,लेकिन 2024 में पुलिस की सख्ती और कार्यवाही की वजह से ये आंकड़ा फिर कम हुआ। इस बार महिला अपराध के 588 केस रजिस्टर्ड हुए हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति से जुड़े केस 2023 में 20 थे, लेकिन 2024 में सिर्फ 6 रह गए। वहीं अनुसूचित जनजाति के 2023 में 42 केस दर्ज हुए थे, लेकिन 2024 में ये 23 रिकॉर्ड हुए।

# कुलर की आड़ में 254 कार्टन अवैध शराब की तस्करी


डूंगरपुर। रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस गिरफ्त में अवैध शराब एवं शराब तस्कर। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफबड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस ने एक कंटेनर से 15 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है।

थानाधिकारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की गई। उदयपुर की ओर से आ रहे एक कंटेनर की जांच की। कंटेनर में इलेक्ट्रिक उपकरणों की आड़ में अवैध शराब के 254 कार्टन छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने हरियाणा निवासी कंटेनर ड्राइवर कुलवंत सिंह को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाड़ा पुलिस की पिछले तीन दिनों में शराब तस्करी के खिलाफ चौथी बड़ी कार्यवाही है। इस दौरान पुलिस ने कुल 66 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है और 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## चेन स्नैचिंग के आरोपी दम्पति गिरफ्तार


डूंगरपुर। सागवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में चेन चोरी के आरोपी दम्पति। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिलें की सागवाड़ा पुलिस ने चेन स्नैचिंग के एक शातिर जोड़े को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाबूलाल जोगी और उसकी पत्नी लक्ष्मी जोगी उदयपुर के गोगुंदा क्षेत्र के रहने वाले हैं। इन्होंने 31 जनवरी को सागवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड पर एक महिला की सोने की चेन छीनी थी। पुलिस ने आरोपियों से चोरी गई चेन बरामद कर ली है।

पीड़िता कानपुर निवासी कौशल्या देवी अपनी दत्तक पुत्री कामिनी को बस में बिठाने आई थीं। जब कामिनी बस में बैठ गई और कौशल्या बस के गेट पर खड़ी थीं, तभी भीड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने उनके गले से 15 ग्राम सोने की चेन छीन ली, जिस पर लाल रंग का लच्छा बंधा हुआ था।

थानाधिकारी मदनलाल के अनुसार आरोपी जोड़ा बेहद शातिर है और एक खास तरीके से वारदात को अंजाम देता था। लक्ष्मी कटर से चेन काटती थी और चेन के गिरते ही बाबूलाल उसे उठा लेता था। सीसीटीवी फुटेज की जांच और संदिग्धों की तलाश के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस ने चोरी की चेन भी बरामद कर ली। ुलिस की जांच में सामने आया है कि यह जोड़ा पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।

## वार्षिक आम सभा में महिला सशक्तिकरण का संदेश


सीमलवाड़ा। बेहतर कार्य करने वाली समूह महिला को सम्मानित करते हुए।

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** नारी शक्ति राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड की सीमलवाड़ा ब्लॉक का वार्षिक आम सभा का आयोजन सीमलवाड़ा कस्बे में विनोबा भावे खेल मैदान में किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रधान कारीलाल ननोमा ने की। मुख्य अतिथि उपप्रधान सीता अहारी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश प्रजापतए देवेंद्र सिंह सोलंकीए जीवराम अहारीए कृषि विभाग से पृथ्वीसिंह चौहानए एसबीआई ब्रांच मैनेजर भानूप्रकाश आर्यए
राजीविका विभाग से जिला प्रबंधक पंकज दवे, विष्णु बारिया, सुरेन्द्र मीणा बीटीसी शामिल हुए।

अध्यक्षता करते हुए प्रधान कारीलाल ननोमा ने प्रधान ने महिलाओं को माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से कर्ज ना लेने का संदेश दिया और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाओं को शुरू किया है। हर क्षेत्र ने पुरुषों के बराबर महिलाओं की भागीदारी हो रही है। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास से आगे बढ़ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तलाश कर परिवार को सुदृढ़ बनाने का आव्हान किया। सही ही बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की भी अपील की। खंड परियोजना प्रबंधक बबलकेश मीणा ने ब्लॉक प्रगति की जानकारी दी। क्लस्टर मैनेजर निमा आमलिया ने सभा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि क्लस्टर लेखापाल हिना रोत ने आय-व्यय का ब्यौरा साझा किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक पंकज दवे द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री का संकल्प होगा साकारः एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान,बनेगी विशिष्ट फार्मर आईडी

**डूंगरपुर(पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसान सभी योजनाओं का पात्रता के अनुसार लाभान्वित हो सके इस हेतु प्रदेश भर में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन 5 फरवरी से किया जाएगा।

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने डूंगरपुर जिले में भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री स्टेट योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से 29 मार्च तक आयोजित होने वाले शिविरों के सफलता पूर्वक संपादन हेतु वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। शनिवार को डीओईटी सभा कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले के समस्त तहसीलदार, विकास अधिकारी, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, प्रोगामर, तकनीकी सहायक, सूचना सहायक आदि अधिकारियों कर्मचारियों को शिविरों की आयोजन को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर से पूर्व संबंधित ग्राम क्षेत्र में शिविर का प्रचार प्रसार करने, जिस ग्राम पंचायत में कैंप लग रहा है , उसके अंतर्गत आने वाले समस्त गांव के प्रधानमंत्री किसान सम्मान से लाभान्वितों की सूची निकालने, शिविर में काउंटर लगवाने, काउंटर पर नियुक्त कार्मिकों की सूची, लोगों क्रिएशन, आवश्यक संसाधन की उपलब्धता अनिवार्यता सुनिश्चित करने, समस्त नियुक्त कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने आदि महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। मैंने बताया कि शिविरों की अधिकारी द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने डीसीएस गिरदावरी को शत प्रतिशत करने हेतु राजस्व विभाग तथा एग्रीकल्चर विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने, जनाधार सीडिंग एवं पंचायत पुनर्गठन के संबंध में भी निर्देश प्रदान किये। वीसी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर जिला स्तर के द्वारा आईडी मैपिंग का डेमो प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जाएगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाइल नंबर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने,पीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी आवश्यक होगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमानसिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी डूंगरपुर मुकेश मीणा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी जिला स्तर पर तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ब्लॉक स्तर पर वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहें।

**5 एवं 6 फरवरी को यहां आयोजित होंगे शिविरः**-भारत सरकार के एग्री स्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन 5 फरवरी से किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रथम सप्ताह के तहत तहसील गामड़ी अहाड़ा की ग्राम पंचायत जेलाणा में 5 से 7 फरवरी तथा गामड़ी अहाड़ा में 6 से 8 फरवरी, तहसील आसपुर की ग्राम पंचायत आसपुर में 5 से 7 फरवरी, टोंकवासा में 6 से 8 फरवरी, तहसील गलियाकोट के चितरी ग्राम में 5 से 7 फरवरी, भेसरा छोटा में 6 से 8 फरवरी, तहसील बिछीवाड़ा में ग्राम पंचायत करोली में 5 से फरवरी तथा नवल श्याम में 6 से 8 फरवरी, तहसील झौथरी पाल की ग्राम पंचायत करावाड़ा में 5 से 7 फरवरी तथा गोरादा में 6 से 8 फरवरी, तहसील सागवाड़ा की ग्राम पंचायत लिमड़ी में 5 से 7 फरवरी तथा वगेरी में 6 से 8 फरवरी, तहसील सीमलवाडा की ग्राम पंचायत उपला रास्ता में 5 से 7 फरवरी तथा कनबा में 6 से 8 फरवरी, चिखली तहसील की ग्राम पंचायत सकोदरा में 5 से 7 फरवरी तथा सालेडा में 6 से 8 फरवरी, तहसील दोवड़ा की ग्राम पंचायत धावड़ी में 5 से 7 फरवरी तथा डोजा में 6 से 8 फरवरी तथा तहसील ओबरी की ग्राम पंचायत डैयाणा में 5 से 7 फरवरी तथा डैचा में 6 से 8 फरवरी तहसील साबला की ग्राम पंचायत साबला में 5 से 7 फरवरी तथा मुंगेड़ में 6 से 8 फरवरी तहसील पाल देवल के ग्राम पंचायत सेरावड़ा में 5 से 7 फरवरी तथा रोहन वाड़ा में 6 से 8 फरवरी , तहसील डूंगरपुर के ग्राम पंचायत सुंदरपुर में 5 से 7 फरवरी तथा कांकरादरा में 6 से 8 फरवरी तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

